दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। रविवार 9 फरवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 51 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# दिल्ली विधानसभा चुनाव में खिला कमल

## दिल्ली के लोगों का ये प्यार और विश्वास हम सब लोगों पर कर्ज है : पीएम मोदी

| 70/70 DELHI | AAP | BJP+ | CONG | OTH |
|---|---|---|---|---|
| | 22 | 48 | 0 | 0 |

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और इस बार 27 साल बाद राजधानी में कमल खिला है। बीजेपी ने ये चुनाव प्रचंड बहुमत के साथ जीत लिया है और सत्ताधारी आम आदमी पार्टी सिर्फ 22 सीटों पर सिमटती दिख रही है। 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली में बीजेपी को 48 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं लगातार तीसरी बार कांग्रेस दिल्ली में खाता तक खोलने में नाकाम रही है। आप के उदय से पहले लगातार तीन बार शीला दीक्षित की अगुवाई में दिल्ली की सत्ता पर राज करने वाली कांग्रेस पिछले 3 चुनावों से एक सीट तक के लिए तरस गई है।

बीजेपी ने इस बार 'बदलकर रहेंगे दिल्ली' के नारे के साथ चुनाव लड़ा था और नतीजों से साफ है कि भगवा पार्टी अपने मिशन में सफल हुई है। साल 2020 के विधानसभा चुनावों में सिर्फ 8 सीटों पर सिमटी बीजेपी ने इस बार 40 सीटों की बढ़त हासिल की और आसानी से बहुमत का आंकड़ा (36) पार कर लिया है। विधानसभा चुनाव में बीजेपी



> ये ऐतिहासिक विजय है। दिल्ली एक दशक की आप-दा से मुक्त हुई। दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई। आज आडंबर, अराजकता, अहंकार और आप-दा की हार हुई।
>
> **पीएम मोदी**

की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन रैलियां की थीं। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह ने करीब 18 चुनावी कार्यक्रमों में हिस्सा लिया था। योगी आदित्यनाथ, देवेंद्र फडणवीस समेत बीजेपी शासित कई राज्यों के सीएम दिल्ली में डेरा डाले रहे और अपनी पार्टी की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई।

**मोदी का जादू :** भाजपा ने 2014 के बाद हर चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा है। दिल्ली में भी आम आदमी पार्टी ने सीएम कैंडिडेट घोषित किया था लेकिन भाजपा ने मोदी के फेस पर चुनाव लड़ा। नतीजे बता रहे हैं कि मोदी का जादू कायम है। भाजपा की जीत में पीएम की लोकप्रियता और चुनावी कैंपेन की सबसे बड़ी भूमिका रही है। पीएम मोदी की साफ सुथरी छवि, विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण लोगों को पसंद आया।

**जीत का जश्न**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिल्ली विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत की खुशी भाजपा कार्यकताओं ने मनाई। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को कार्यकताओं ने मिठाई खिला कर जीत की बधाई दी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस जीत को कार्यकताओं की जीत बताया ।

# दिल्ली के चुनावी रण में प्रदेश सहप्रभारी अतुल गर्ग ने खेली है जबरदस्त कामयाबी वाली पारी

## राष्ट्र की राजनीति में बढ़ गया है अतुल गर्ग का कद और मिलेगी और बड़ी अहम जिम्मेदारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति के एक बड़े चेहरे के रूप में सामने आये हैं। शहर विधायक से शुरू हुई पारी लोकसभा में पहुंची और यहां अतुल गर्ग ने अपनी योग्यता का सिक्का मनवा दिया है। संगठन में वो तेजी से उन चेहरों की गिनती में शामिल हुए हैं जो बेहतर रणनीतिकार माने जाते हैं। जिन्हें राजनीति का मास्टर माइंड कहा जा सकता है और जिन्हें रणनीतिक कौशल में महारथ हासिल है। वो राष्ट्रपति के साथ विदेश यात्रा पर गये और देश में भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा वाली कमेटी में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उनका नाम आया। जब दिल्ली चुनाव आया तो भाजपा स्टार प्रचारकों में अतुल गर्ग का नाम आया। अतुल गर्ग को भाजपा ने दिल्ली चुनाव में अपना प्रदेश सहचुनाव प्रभारी बनाया। अतुल गर्ग ने इस जिम्मेदारी को शिद्दत से निभाया। चुनावी जंग कैसे लड़ी जाती है इसका उन्होंने मुलाहिजा पेश



> अतुल गर्ग को भाजपा ने दिल्ली चुनाव में अपना प्रदेश सहचुनाव प्रभारी बनाया। अतुल गर्ग ने इस जिम्मेदारी को शिद्दत से निभाया।

किया। गाजियाबाद के सांसद ने दिल्ली चुनाव की जिम्मेदारी निभाने के लिए अपना ठिकाना ही दिल्ली बना लिया। लगातार उन्होंने मेहनत की। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने पहले ही कह दिया था कि मेरा अनुमान यह है कि दिल्ली चुनाव में भाजपा 40 से 45 सीट जीतने जा रही है। राजनीति के मास्टर माइंड अतुल गर्ग का अनुमान सटीक निकला। उनकी रणनीति कारगर साबित हुई और भाजपा ने यहां आम आदमी पार्टी को हराते हुए इतिहास रचा है। भाजपा ने यहां 48 सीट जीती हैं। जबकि 22 सीटें आमआदमी पार्टी ने जीती हैं। कांग्रेस इस बार भी खाता नहीं खोल पाई है। बहरहाल अब जब कमल खिल गया है तो यहां गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के समर्थकों का चेहरा भी खिल गया है। अतुल गर्ग राष्ट्रीय राजनीति के सही मायनों में स्टार प्रचारक बनकर सामने आये हैं। ये जीत इस मायने में भी बड़ी है कि यहां इन चेहरों ने चुनाव प्रचार को एक जंग की तरह लड़ा और जीत हासिल की। अतुल गर्ग ने यहां जबरदस्त पारी खेली है।

राष्ट्रीय राजनीति में उनका कद बड़ा है और अब ये माना जा रहा है कि उन्हें अहम जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने खुद को चुनावी रणनीतिकार के रूप में साबित कर दिया है। उन सीटों पर कमल खिला है जहां भाजपा हार रही थी। बड़ी बात ये है कि अतुल गर्ग ने बेहतर तालमेल के साथ यहां टीम वर्क किया और भाजपा को जीत हासिल दिलाने में एक बड़ी भूमिका निभाई है। अतुल गर्ग का सियासी कैलकुलेशन भी दिल्ली इलैक्शन में सटीक रहा है। उन्होंने जो अनुमान लगाया था उसी के अनुरूप नतीजे आये हैं। यहां उन्होंने मतदाता के मनोविज्ञान को समझा है और सबसे खास बात ये है कि वो इस चुनाव में शुरू से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों को लेकर चले। वो भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ एक तालमेल बनाकर चले। ये एक ऐसी रणनीति थी जिसमें आम आदमी पार्टी की झाड़ू फंस गई। यहां भाजपा ने जीत हासिल की और इसी के साथ अतुल गर्ग के कंधों पर एक सफलता का स्टार और बढ़ गया। उन्होंने खुद को साबित किया और वो राष्ट्रीय राजनीति के फ्रेम में आ गये हैं।

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर राजेंद्रनगर में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया जश्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** देश की राजधानी में 27 वर्ष बाद कमल खिला है, देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। साहिबाबाद विधायक व कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं संग जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि दिल्ली के चुनाव पूरे देश के लिए संकेत हैं।उन्होंने कहा कि दिल्ली में देश के लगभग सभी राज्यों से लोग रहते हैं, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अच्छे कार्यों पर मुहर लगी है। मोदी देश को विकसित राष्ट्र बनाने जा रहे हैं, दिल्ली में जीत से दिल्ली का विकास होगा। साथ ही यह देश भी विकसित राष्ट्र बनेगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर राजेंद्र नगर स्थित कार्यालय पर नाच गाकर खुशियां मनाई। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मिली इस जीत को कार्यकर्ताओं ने नए भारत की जीत बताया और देश को सशक्त, आत्मनिर्भर और विश्वगुरु बनाने के संकल्प को दोहराया। दिल्ली की जनता ने यह दिखा दिया कि उन्हें विकास चाहिए सुशासन चाहिए और एक सशक्त नेतृत्व चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पर जनता ने अपनी मुहर लगाई है।

## प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर दिल्ली वालों ने किया विश्वास : संजीव गुप्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को दिल्ली विधानसभा के नतीजे आने के बाद भारतीय जनता पार्टी महानगर गाजियाबाद के कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली में पिछले ग्यारह वर्षों से आम आदमी पार्टी लगातार झूठ के सहारे एक अवसरवादी राजनीति कर रही थी। आप के सभी वादे दिल्ली वासियों के सामने झूठे पड़ते नजर आ रहे थे। जिसके कारण दिल्ली की जनता ने देश की राजधानी से आप-दा को हटा दिया है। और देश दुनिया के हमारे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी पर अपना भरोसा जताया है। और मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है। अब दिल्ली में भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के विकास को गति देते हुए लोगों की मूलभूत जरूरतों को भी पूरा करेगी ।



## दिल्ली में चला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैजिक और भाजपा की हुई जीत

### मंत्री नरेंद्र कश्यप के आवास पर मना जीत का जश्न और हुई आतिशबाजी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार बनी है और सरकार बनने के बाद बवाना विधानसभा सीट की कमान संभालने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के सेक्टर-23 स्थित आवास पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने दिल्ली में हुई जीत का जश्न मनाया। इस दौरान लोगों ने उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को मिठाई खिलाई और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली की जनता ने सही और श्रेष्ठ को चुना है। जनता ने बताया कि दिल्ली को किस तरीके से 10 सालों से ठगा जा रहा था।



एग्जिट पोल ने ही बता दिया था भाजपा के पक्ष में आएगा परिणाम : उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जिस तरीके से दिल्ली चुनाव का एग्जिट पोल आया था, उसने ही बता दिया था कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से जनता ने खुलकर भाजपा का साथ दिया है और खुलकर वोट भाजपा के खाते में डाले हैं, उससके प्रधानमंत्री सहित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी बेहद खुश हैं।

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर डॉ. अनिल अग्रवाल को खिलाई मिठाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल को उनके कार्यालय पर भाजपा नेता एवं शिक्षाविद राहुल गोयल एवं युवा नेता धनंजय शर्मा ने मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ अनिल अग्रवाल ने कहा कि 27 साल बाद भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में सरकार बनाकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है और अब दिल्ली में भी डबल इंजन सरकार बाकी भाजपा शासित प्रदेशों की तरह अपना कमाल दिखाएगी।

### मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कर दिया रिठाला में कमाल

## जिस सीट पर हारी थी भाजपा उस सीट पर खिला दिया 30 हजार वोटों से कमल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली चुनाव में गाजियाबाद की एक बड़ी सहभागिता रही है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग दिल्ली प्रदेश चुनाव सहप्रभारी बनाये गये। गाजियाबाद के विधायक और संगठन पदाधिकारी यहां चुनाव में लगाये गये। जब नतीजा आया है तो कमाल हो गया है और भाजपा उन सीटों पर जीती है जहां वो लगातार हार रही थी।



मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी को रिठाला विधानसभा सीट पर लगाया गया था। यहां भाजपा लगातार दो बार हारी और यहां आम आदमी पार्टी के संजय गोयल सिटिंग विधायक थे और वही उम्मीदवार भी थे। भाजपा ने यहां से कुलवंत राणा को उम्मीदवार बनाया।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने यहां डेरा डाल कर चुनाव प्रचार किया। वो बीस दिन में केवल एक घंटे के लिए गाजियाबाद गये। पूरी तरह से उन्होंने यहां प्रचार की कमान संभाली। जब नतीजा आया तो मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी का जलवा कायम रहा है। भाजपा ने यहां दिल्ली में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की है। यहां से भाजपा ने 30 हजार से भी अधिक वोटों

# भगवा कमांडर का रहा तराना वो जीत गये मोतीनगर से हरीश खुराना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली चुनाव में कमल खिला है और दिल्ली से सटे गाजियाबाद के भगवा योद्धाओं ने यहां रण को जीतने में एक बड़ी भूमिका निभाई है। यहां प्रदेश सहप्रभारी के रूप में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग कमान संभाल रहे थे। गाजियाबाद से कई नेताओं की चुनाव में ड्यूटी लगी थी। शहर विधायक तथा कार्यकर्ताओं में भगवा कमांडर के नाम से लोकप्रिय महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को भी मोतीनगर विधानसभा सीट पर लगाया गया था। यहां भी भाजपा लगातार दो बार से चुनाव हार रही थी। संजीव शर्मा ने यहां कमान संभाली और उन्होंने ये साबित कर दिया कि उन्हें संगठन एक्सपर्ट क्यों कहा जाता है। उनकी रणनीति इतनी सटीक क्यों मानी जाती है। भगवा कमांडर ने यहां जीत का सेहरा भाजपा उम्मीदवार के सर बांधा है। भाजपा ने यहां से हरीश खुराना को उम्मीदवार बनाया था। यहां भाजपा लगातार दो बार चुनाव हारी और इस बार भगवा कमांडर की रणनीति के साथ भाजपा ने चुनावी जंग की शुरूआत की। नतीजा आया तो कमल खिला और यह सीट भाजपा ने 11 हजार 600 वोट से जीती है। गाजियाबाद के शहर विधायक तथा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा इस सीट पर लगातार रणनीतिक कमान संभाल रहे थे। उन्होंने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों को वोट दिया है। यह जीत भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित है।





## पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने दी दिल्ली जीत पर बधाई

### कहा, पंजाबी समाज ने दिखाया अपना वर्चस्व

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने पंजाबी समाज की आवाज भी उठाई। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा ने पंजाबी समाज के उम्मीदवारों को टिकट दिया था। पंजाबी समाज ने अपना वर्चस्व दिखाया है और कई ऐसी सीटों पर कमल खिलाया है जहां भाजपा लगातार हार रही थी। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने यह जीत हासिल की है। यह जीत जनता की है और यह जीत केन्द्र सरकार की नीतियों की जीत है।

## 27 साल बाद मिली प्रचंड जीत, दिल्ली में सरकार बनाने का सपना हुआ साकार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के सांसद एवं दिल्ली चुनाव सहप्रभारी अतुल गर्ग ने इस ऐतिहासिक जीत पर पार्टी कार्यकताओं और शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा, यह जीत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और दिल्ली की जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार पिछले 12 सालों से दिल्ली के विकास में सबसे बड़ा



अवरोध बनी हुई थी। आम आदमी पार्टी की झूठी राजनीति और प्रचार के जाल से जनता अब बाहर निकल चुकी है। दिल्ली ने अब असली विकास और स्वच्छ प्रशासन को चुना है। दिल्ली के चुनावों में भाजपा की जीत पर वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने कहा कि इस बार दिल्ली वालों ने आप की गलतफहमी दूर करते हुए आपदा से मुक्ति दिलाने के लिए व सम्पूर्ण दिल्ली के विकास के लिए भाजपा के कमल को खिलाने का निर्णय लिया है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...



# यूपी के सिलेबस में होगा स्वच्छता का पाठ : मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह

## नगर निगम गाजियाबाद के स्वच्छता मोहल्ला स्क्वाड और पायलट प्रोजेक्ट को बनाया जाएगा बेहतर

### नगर आयुक्त के प्रयासों की हुई सराहना, महापौर ने कहा निगम बनेगा हाईटेक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में गाजियाबाद नगर निगम के प्रोजेक्ट माय जीएनएन पोर्टल का उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया। साथ ही इस दौरान स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड के प्रोजेक्ट को प्रदेशभर में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अपनाने पर सहमति जताई गई है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि यूपी के सिलेबस में स्वच्छता का पाठ होगा। उन्होंने कहा कि जापान में बच्चों को 6 साल तक कुछ नहीं पढ़ाया जाता है। उनको केवल स्वच्छता और नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है, ऐसा अब उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में भी आवश्यक है। वह शनिवार को गाजियाबाद में नगर निगम के प्रोजेक्ट माय जीएनएन पोर्टल का उद्घाटन करने के लिए उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद नगर निगम के प्रयासों की सराहना की। तो वहीं महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा और मंडला आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के प्रयासों की सराहना भी की। इस दौरान नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि जल्द ही गाजियाबाद का पूरा पोर्टल ऑनलाइन होगा। ऑनलाइन सुविधा अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों और लोगों से लेकर पीड़ितों को मिलेगी। इनका बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने पर मंत्रणा भी की गई है।




### स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड बनेगा युवाओं के जरिए स्वच्छता का हथियार



करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा है कि स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड युवाओं के लिए स्वच्छता का नया अड्डा बनेगा। शनिवार को इस मौके पर मुख्य सचिव ने दो आधुनिक रोड स्वीपिंग मशीन का भी शुभारंभ किया है। जो शहर की सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त कर सके वायु प्रदूषण की स्थिति में भी इसके जरिए सुधार और कमी लाने का प्रयास होगा।

### नगर आयुक्त और महापौर ने मुख्य सचिव को दिया भरोसा गाजियाबाद करेगा बेहतर प्लानिंग






करंट क्राइम : शनिवार को हिंदी भवन में स्वच्छता मोहल्ला स्क्वाड और नगर निगम का पायलट प्रोजेक्ट माय जीएनएन पोर्टल को ऑनलाइन कर इसकी लांचिंग की गई है। नगर आयुक्त और महापौर ने कहा है कि यह प्रदेश में पहला निगम और शहर होगा जो इस तरीके से अपने पूरे सिस्टम को पारदर्शी और बेहतर बनाने के लिए ऑनलाइन हो रहा है। स्वच्छ मोहल्ला एस्कॉर्ट गाजियाबाद नगर निगम पायलट प्रोजेक्ट के रूप में अब प्रदेशभर में चलाया जाएगा। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज सिंह ने इसकी प्रशंसा करते हुए महापौर और नगर आयुक्त के प्रयासों की तारीफ की है। इसके साथ ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जन सहभागिता भी देखने को मिली है।

### गाजियाबाद के 100 स्कूली बच्चे जुड़े हैं स्क्वाड से



करंट क्राइम : गाजियाबाद में स्वच्छता मोहल्ला स्कवायड पर शुरूआत की जा रही है। इसमें लगभग शुरूआती तौर पर 5000 बच्चे जोड़े गए हैं। जिसमें 50-50 बच्चे निजी और सरकारी स्कूलों के हैं। इसके साथ ही उनके अध्यापक, प्रिंसिपल और मैनेजमेंट से लेकर चिंतन ग्रुप द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चिंतन रिसर्च एंड एनवायरमेंट एक्शन ग्रुप की डायरेक्ट भारती चतुर्वेदी भी इसमें विशेष सहयोग कर रही हैं। तो वहीं बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग की टीमों का भी सहयोग लिया जा रहा है। सभी का मानना है कि बच्चों से बेहतर स्वच्छता की अलख जगाने वाला कोई ब्रांड एंबेसडर नहीं हो सकता है।

### जिलाधिकारी से लेकर मंडलायुक्त और पार्षदों से लेकर गणमान्य अतिथि रहे मौजूद





करंट क्राइम : नगर निगम की ओर से हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में जहां मंडलायुक्त ऋषिकेश भास्कर यशोदा, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, भारती चतुर्वेदी संस्थापक चिंतन ग्रुप, जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा, डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एडीएम सिटी गंभीर सिंह, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा, एसएचओ सिहानी गेट सचिन कुमार कार्यक्रम में मौजूद रहे। इसके साथ ही सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, सुभाष गर्ग, जीपी अग्रवाल, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनीद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, संपत्ति प्रभारी पल्लवी सिंह, स्वच्छ भारत मिशन की टीम व अन्य पार्षद गण उपस्थित रहे। पार्षदों में शीतल चौधरी, मनोज त्यागी, अमित त्यागी, पूनम सिंह, संजय सिंह, राजीव शर्मा, प्रीति जैन, हिमांशु शर्मा, पार्षद पति मनोज गोयल सहित अन्य नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मुख्य सचिव का आदेश गाजियाबाद में नहीं बदलेगा साप्ताहिक बाजारों का स्थान, पुलिस को नहीं दखल का अधिकार

### मुख्य सचिव के निर्देश के बाद नगर निगम को बनाना होगा जल्द वेंडिंग जोन का प्लान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में लंबे समय से चल रहे सप्ताहिक बाजार के विरोध, प्रदर्शन और आंदोलन के बीच शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने गाजियाबाद के एक कार्यक्रम में पहुंचने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा है कि गाजियाबाद में साप्ताहिक बाजार पहले की तरह उन्हीं स्थान पर लगते रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा है इस मामले में पुलिस को दखल का कोई अधिकार ही नहीं है। उन्होंने कहा है कि बाजार कहां पर लगेंगे और कितने बड़े स्थान को चिन्हित किया जाना है, इसके लिए नगर निगम और नगर निगम के आयुक्त और अधिकारी इस बात का फैसला लेंगे। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने यह भी स्पष्ट किया है कि नगर निगम वैकल्पिक स्थान की तलाश कर सकता है लेकिन यह व्यवस्था दुकानदारों की सहमति से ही की जाएगी। पुलिस का तर्क था की साप्ताहिक बाजारों के कारण स्थानीय निवासियों को आवागमन में परेशानी होती है। आपातकालीन स्थिति में जाम की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ता है। बाजार लगने की वजह से आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है लेकिन मुख्य सचिव के निर्णय के बाद अब गाजियाबाद में साप्ताहिक बाजार पूर्व की भांति लगेंगे, ऐसा निर्देश दिया गया है।

### शास्त्री नगर में लगाया गया शनि बाजार

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को बड़ा और कड़ा फैसला लेते हुए साप्ताहिक बाजार यथावत बनाए रखने का बयान दिया है। तो उसका असर कुछ देर बाद दिखाना भी शुरू हो गया। दोपहर से ही शास्त्री नगर में लगने वाले शनि बाजार की दुकानें, रेहडी और पटरी सज गई थी और शाम से लेकर रात तक बाजार गुलजार रहा। बता दें की गाजियाबाद में प्रतिदिन प्रत्येक थानाक्षेत्र और जोन के अंदर कई बड़े साप्ताहिक बाजार लगाए जाते हैं। जिसका बीते कई दिनों से विरोध और आंदोलन चल रहा था।

## क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का अंदाज जब होने लगी उनकी जिंदाबाद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपनी विधायक 2.0 वाली पारी भी क्रान्तिकारी अंदाज में खेलना शुरू की है। उन्होंने खुद को एक ऐसे विधायक के रूप में स्थापित किया है जो अफसरशाही को लेकर मोर्चा खोल रहा है। उनके लगातार बयान आते रहते हैं। जब साप्ताहिक बाजार बंद करने का फैसला हुआ तो यहां इस फैसले के विरोध में क्रान्तिकारी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का फायरी अंदाज सामने आया। उन्होंने ऐलान कर दिया कि वो ठेली पटरी वालों के साथ हैं। नन्द किशोर गुर्जर ने यहां लोकतांत्रिक लहजे में अपना विरोध जताया। उन्होंने कह दिया कि वो नंगे पैर रहेंगे और अन्न नहीं खायेंगे। विधायक ने मोर्चा खोला और 24 घंटे से पहले ही इसका नतीजा भी आ गया। मुख्य सचिव आये और उन्होंने साप्ताहिक बाजार को लेकर एक तरह से जमीन के मालिकाना हक की बात कह दी। जनता को रोजगार चाहिए और जब रोजगार फिर से पटरी पर लौटता दिखाई दिया तो लोनी विधायक की जिंदाबाद होने लगी। नन्द किशोर गुर्जर जनता के उस मुद्दे पर नायक बन कर सामने आये जिस मुद्दे से हजारों लोगों का रोजगार जुड़ा था। लोगों को जब एक आस दिखाई दी तो उन्होंने अपना विश्वास विधायक नन्द किशोर गुर्जर में जताया। सरकार वाले विधायक ने जनता के साथ स्टेंड लिया और जब पैंठ बाजार दोबारा से लगे तो टीआरपी के टॉप पर गाजियाबाद में नन्द किशोर गुर्जर आ गये।

### जब सब रहे थे सोच तब पार्षद शीतल चौधरी ने मारा मास्टर स्ट्रोक



**करंट क्राइम।** सियासत में नेता जनता के लिए होता है और जनता उसी को अपना नेता मानती है जो मुसीबत की घड़ी में उनकी लड़ाई लड़े और उनके साथ आकर खड़ा हो। साप्ताहिक बाजार का मामला निगम से जुड़ा था और मुख्य सचिव के बयान के बाद यह स्पष्ट भी हुआ। जब साप्ताहिक पटरी बाजार वालों के हक में खड़ा होना था तो 99 पार्षद सोच में ही रहे। इनमें पक्ष के पार्षद भी थे और विपक्ष के पार्षद भी थे। लेकिन यहां वार्ड 9 की पार्षद शीतल चौधरी ने सही मायनों में मास्टर स्ट्रोक मारा। वो एकलौती ऐसी पार्षद हैं जो खुल कर ठेली पटरी वाले साप्ताहिक बाजार के इन लोगों के समर्थन में आयीं। उन्होंने कहा कि मैं गरीबों के साथ हूं और उनकी लड़ाई लडूंगी। उससे पहले उन्होंने ये ऐलान किया था कि पूरा वार्ड उनका परिवार है और वह अपने वार्ड के हर नागरिक के साथ हैं। जब ठेली पटरी वालों की आवाज बनना था तो यहां पार्षद शीतल चौधरी पूरे सपोर्ट के साथ आ गईं। वो एकमात्र ऐसी पार्षद हैं जो भाजपा से हैं और महिला होने के बाद उन्होंने साप्ताहिक बाजार वालों के समर्थन में मंच भी साझा किया और माईक भी संभाला। एक संदेश वो देने में सफल रहीं कि गरीब वर्ग के रोजी रोटी और रोजगार के संघर्ष में वो उनके साथ हैं।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर का साप्ताहिक बाजार व्यापारियों ने किया पुष्प वर्षा कर स्वागत

### विधायक नंदकिशोर ने कहा यह लाखों साप्ताहिक बाजार दुकानदारों की आजीविका का मामला था

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते कई दिनों से लगातार लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर साप्ताहिक बाजार, रेहडी, पटरी वालों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी रोजगार छीन जाने के विरोध में सड़कों पर उतर आए थे। उन्होंने सबसे पहले लोनी इलाके में विधायक का ठीहा लगाकर साप्ताहिक बाजार व्यापारियों के समर्थन में सब्जी बची। तो अगले ही दिन वह नवयुग मार्केट से लेकर जिला मुख्यालय तक नंगे पैर चलकर पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों को अन्न त्यागने की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को उनकी चेतावनी के बाद उन्होंने कई अधिकारियों से मुलाकात की और शनिवार को जब मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश मनोज कुमार सिंह गाजियाबाद के कार्यक्रम में आए तो उन्होंने साप्ताहिक बाजार की स्थिति यथावत करने वाला आदेश दे दिया। उधर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जिस तरीके से इस पूरे आंदोलन और अभियान को अपने कंधों पर उठाया था।

इसका लाभ उनको मिला, शनिवार को वह नवयुग मार्केट पहुंचे ,तो यहां के व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिस रास्ते से नंदकिशोर गुजरे नंगे पैर गुजरे लोगों ने उनके कदमों के नीचे गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां बिछाई और उनका स्वागत किया गया। तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी नंद किशोर गुर्जर द्वारा लाखों लोगों की आवाज उठाने के मामले की तारीफ की है।

## विधायक लोनी बोले मैं व्यापारी और जनता का सारथी हूं





### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा यह दो लाख लोगों की जिंदगी से जुड़ा विषय था



करंट क्राइम : लोनी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है की साप्ताहिक बाजार बंद करने, उनके स्थान परिवर्तित करने का मामला कुछ लोगों का नहीं बल्कि दो लाख से अधिक लोगों और उनके परिवारों से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि लोनी में जिस दिन उनके आवास पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे, उसमें महिलाएं और बुजुर्ग थे। उसी दिन उन्होंने कसम खाई थी कि वह इस आंदोलन के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने इस पूरे मामले में न सिर्फ मुख्यमंत्री योगी के कार्यालय को पत्र लिखा था बल्कि प्रदेश सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों पर सीधा हमला भी बोला था।

### अब नगर निगम को बनाना है वेंडिंग जोन का पूरा प्लान

करंट क्राइम : नगर निगम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि नगर निगम को अब इस पूरे मामले में वेंडिंग जोन का प्लान और स्थान तय करना है। इसके लिए 13 फरवरी तक का समय तय किया गया था। देखना होगा 13 फरवरी के बाद नगर निगम के अधिकारी और सिस्टम कहां पर बाजार लगवाने को लेकर रणनीति और संस्तुति करता है।

### नंदकिशोर बोले साप्ताहिक बाजार व्यापारी मेरा परिवार

करंट क्राइम : लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है की साप्ताहिक बाजार से जुड़े व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा बन गए हैं। जिस तरीके से वह उनके साथ खड़े थे और उन्होंने पूरी आवाज बुलंद की थी, व्यापारियों ने भी उनका शनिवार को इस गर्मजोशी और अंदाज में स्वागत किया है। विधायक नंदकिशोर ने कहा कि व्यापारी उनका परिवार हैं और वह उनकी मदद के लिए हमेशा आगे आते रहेंगे।

## मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा पैठ बाजार व्यापारियों का नहीं होने दूंगा नुकसान

### अधिकारियों की बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा दिया जाए वेंडिंग जोन पर ध्यान और तय हो हर बाजार का स्थान



करंट क्राइम : शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जहां साप्ताहिक बाजार यथावत स्थिति जारी रखने का निर्देश दिया है। तो वहीं इसी को लेकर गाजियाबाद के पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल की बैठक हुई थी। बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने नगर निगम को वेंडिंग जोन जल्द से जल्द तलाशने और साप्ताहिक बाजारों के लगने का स्थान तय करने की बात कही है। तो वहीं पुलिस के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से उन्होंने कहा है कि व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को किसी भी प्रकार से नुकसान न पहुंचा जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज सिंह ने दिशा निर्देश दिए हैं, उसका पालन अब अधिकारियों को करना है, तो वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि गाजियाबाद के व्यापारियों और लोगों के साथ उनका हमेशा से साथ रहा है और वह साप्ताहिक व पैठ बाजार के व्यापारियों को नुकसान नहीं होने देंगे। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंत्री नरेंद्र कश्यप बैठक में भाग ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा है कि प्रत्येक इलाके में लगने वाले साप्ताहिक बाजार का स्थान तय हो ताकि अन्य किसी स्थान पर दुकानदार ना पहुंचे। इससे वहां की यातायात और अन्य व्यवस्था भी ठीक से संचालित होती रहेगी। बैठक में पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मेयर सुनीता दयाल, जिलाधिकारी दीपक मीणा व जीडीए वीसी अतुल वत्स भी मौजूद रहे।



## साप्ताहिक बाजारों को नगर निगम करेगा व्यवस्थित : महापौर सुनीता दयाल



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पैठ बाजार को लेकर शहर के सभी लोग चिंचित हैं और कहीं न कहीं नगर निगम से आस लगाकर भी बैठे हैं। ये भी सही है कि पैठ बाजारों से लोगों को आने जाने का रास्ता बन्द हो जाता है और स्थानीय लोग बीमारी के दौरान भी अपने घर से अस्पताल नही जा पाते। कई स्थानों पर लम्बा जाम भी लग जाता है। इस व्यवस्था को सुचारू करने के लिए पुलिस कमिश्नर भी कार्य कर रहे हैं और अब नगर निगम भी नहीं चाहता कि सड़कों पर जाम बना रहे ।महापौर ने कहा, पैठ बाजारों को व्यवस्थित करना है जिससे स्थानीय लोगों की बड़ी समस्या का समाधान होगा और बाजार के लोगों का रोजगार भी प्रभावित नही होगा। जल्द ही नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर इसका समाधान किया जाएगा लेकिन प्राथमिकता गाजियाबाद के शहरवासियों को दी जाएगी। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि पैठ बाजार को लेकर सभी चिंतित हैं लेकिन नगर निगम द्वारा जल्द ही पैठ बाजारों एवं साप्ताहिक बाजारों के लिए कार्य पूर्ण कर व्यवस्थित किया जाएगा। इस विषय में नगर आयुक्त सहित सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी और किसी का रोजगार भी प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

## भगवागढ़ की कमल स्टोरी में क्या आ गया है कोई ट्यूनिंग ऐरर वाला पंच

### क्यों नहीं कर पा रहे हैं तय होने के बाद भी सांसद और विधायक मिल कर लंच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ में पॉवर सेंटर का शोर अब पूरे शोर से मच रहा है। मंडल वाले दंगल में जब विजेता का खिताब हैवीवेट वालों ने लिया तो उन्होंने यहां शत-प्रतिशत सफलता मंडल वाले दंगल में हासिल की। इससे पहले ही ये चर्चा शुरू हो गई थी कि यहां पॉवर के दो सेंटर आ गये हैं और दोनों के बीच अब पॉवर का युद्ध चल रहा है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से करंट क्राइम ने ही जब इस संबंध में बात की थी तो उन्होंने ये कहा था कि जल्द ही सभी विधायक एकसाथ मिल कर सांसद आवास पर या अन्य जगह पर तय स्थान पर बैठ कर लंच करेंगे। मगर अब ये कहा जा रहा है कि शायद भगवागढ़ की कमल स्टोरी में ट्यूनिंग ऐरर का पंच आ गया है। विधानसभा के उपचुनाव भी हो गये। उसके बाद दिल्ली चुनाव भी हो गये और मंडल अध्यक्ष भी घोषित हो गये। नामित वाली कोर की बैठक भी हो गई। लेकिन ऐसा क्या है कि विधायकों को अपने सांसद के साथ लंच करने का समय नहीं मिला। इसी बीच कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी विधानसभा में पूर्वांचल के लोगों के साथ लिट्टी चौखा की दावत भी कर ली और अब वो 9 फरवरी को उत्तराखंड के लोगों के साथ मंडवे की रोटी और झंगुरे की खीर का स्वाद लेने जा रहे हैं। उत्तराखंड की डिश भी आ गई और पूर्वांचल की लिट्टी चौखा भी खा लिये लेकिन सांसद की मेजबानी में विधायकों के लंच वाला सीन दिखाई नहीं दे रहा है। चर्चा यही है कि क्या लंच को लेकर कोई सियासी पंच है। क्योंकि कैबिनेट मंत्री अलग-अलग संस्कृति का लंच कर रहे हैं लेकिन वो सांसद वाले लंच का जिक्र नहीं कर रहे हैं। शहर विधायक संजीव शर्मा अपने साथ कार्यकर्ताओं को लेकर कुंभ नहाने चले गये हैं। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी दिल्ली चुनाव से फ्री होकर 20 दिन बाद घर लौट आये हैं। अतुल गर्ग भी अब फ्री मूड में हैं तो ऐसे में खाने-खिलाने और मेहमान नवाजी के शौकीन सांसद अतुल गर्ग की लंच स्टोरी में क्या कहीं ब्रेक आ गया है। लंच का दिन और समय क्यों तय नहीं हो पा रहा है। सब वास्तव में बिजी हैं या वाकई में ही सीन इतना ईजी नहीं है जितना समझा जा रहा है।

## संपादकीय

# जिंदगी का गणित

लंबे समय से देश में इस बात को लेकर गंभीर विमर्श होता रहा है कि स्कूल-कालेजों में शिक्षा का स्वरूप जीवन के व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना चाहिए। अकसर देखने में आता है कि हम शैक्षिक पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों में जिन गूढ़ सिद्धांतों को रटते रहते हैं उसका हमारे जीवन व रोजगार से कोई व्यावहारिक सरोकार नहीं दिखता। यही वजह है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि शिक्षा पद्धति रटने वाली होने के बजाय संवादात्मक शिक्षण पर आधरित हो। जो वास्तविक ज्ञान सीखने पर बल दे। जिससे पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र स्कूल-कालेजों में अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन स्थितियों में उपयोग कर सकें। जिससे छात्र अपने जीवन में आत्मविश्वास के साथ दुनिया का सामना करने के लिये तैयार हो सकें। नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी और एस्थर डुफ्लो द्वारा तैयार किए गए और हाल ही में चर्चा में आए एक अध्ययन का निष्कर्ष बताता है कि छात्रों को दैनिक जीवन में काम आने वाले व्यावहारिक गणित के ज्ञान में पारंगत होना चाहिए। जैसा गुण बाजार में काम करने वाले भारतीय बच्चों में देखने में आता है। अकसर महसूस किया जाता है कि कक्षाओं में पढ़ाया जाने वाला गणित जीवन व्यवहार में काम नहीं आता। दूसरे शब्दों में कहें तो सीखने की सहज और औपचारिक शैलियों के बीच एक बड़ा अंतर पाया जाता है। जो इस बात पर बल देता है कि पाठ्यक्रम में सुधार करके इस खाई को पाटने का अविलंब प्रयास किया जाए। यह निर्विवाद सत्य है कि दुनिया भर में कम आय वर्ग वाली पृष्ठभूमि वाले स्कूली बच्चों के लिये गणित जैसे विषय में महारत हासिल करना एक चुनौती होती है। बल्कि दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनमें गणित को लेकर एक फोबिया जैसा होता है। कमोबेश भारतीय बच्चे भी इसका अपवाद नहीं हैं। यही क्रम पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता रहता है। लेकिन इस विसंगति की तह तक जाने के लिये कोई गंभीर पहल नहीं हो पायी। वहीं दूसरी ओर देश में लाखों बच्चे ऐसे हैं जो गरीबी और विषम पारिवारिक परिस्थितियों के कारण स्कूलों का मुंह नहीं देख पाए। जिसके चलते पारिवारिक मजबूरियों के कारण उन्हें छोटे-मोटे काम करने के लिये बाध्य होना पड़ता है। मसलन फेरी लगाना या सड़कों के किनारे छोटा-मोटा सामान बेचने का कार्य उन्हें करना पड़ता है। अध्ययन बताता है कि वे बिना किसी सहायता के पलभर में जटिल गणितीय गणनाएं कर सकते हैं। दरअसल, स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले अमूर्त गणित को समझना छात्रों के लिये खासा कठिन होता है। वहीं दूसरी ओर विरोधाभास यह है कि इन छात्रों के स्कूल जाने वाले, जो साथी गणित में उत्कृष्ट होते हैं, वे व्यावहारिक जीवन में बुनियादी गणनाओं को करने में अकसर विफल ही साबित होते हैं। वहीं दूसरी ओर देश में शिक्षा की वार्षिक स्थिति वाली रिपोर्ट यानी एएसईआर-2024 से पता चलता है कि सरकारी और निजी स्कूलों में छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों में अंकगणित के स्तर में सुधार हुआ है। वास्तव में ऐसा कोई भी प्रयास छात्रों को किताबी कीड़ा या परीक्षा योद्धा बनाने के बजाय स्ट्रीट-स्मार्ट बनाकर उनकी रोजगार पाने की क्षमता और योग्यता में सुधार करने में मददगार साबित हो सकता है। जैसा कि शिद्दत से महसूस किया जा रहा है कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास को तेज गति देने के लिये एक कुशल कार्यबल की नितांत आवश्यकता है। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा पद्धति समय के साथ कदमताल करेगी। देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिये रोजगारपरक शिक्षा अनिवार्य शर्त है। जिसका आधार व्यावसायिक व गुणात्मक शिक्षा ही हो सकती है।

> **देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के लिये रोजगारपरक शिक्षा अनिवार्य शर्त है। जिसका आधार व्यावसायिक व गुणात्मक शिक्षा ही हो सकती है।**

# सेबी ने फाइनेंस इंफ्लुएंसर अस्मिता पटेल समेत पांच पर लगाया प्रतिबंध



### ठगी से इकट्ठा किए 53 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** भारत में बाजार नियामक संस्था सेबी ने छह कथित वित्तीय सलाहकार निकायों को प्रतिबंधित कर दिया है। जिन निकायों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें अस्मिता पटेल ग्लोबल स्कूल और फाइनेंस इंफ्लुएंसर अस्मिता पटेल का नाम भी शामिल है। इन निकायों पर आरोप हैं कि इन्होंने बिना पंजीकरण कराए लोगों को निवेश सलाह दी और इन सेवाओं के जरिए इन निकायों ने 53 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई।

सेबी ने गुरुवार को इन फाइनेंस इंफ्लुएंसर्स अस्मिता ग्लोबल स्कूल ऑफ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड, अस्मिता जिंदल पटेल, जितेश जेठालाल पटेल, किंग ट्रेडर्स, जैमिनी एंटरप्राइजेज, यूनाइटेड एंटरप्राइजेज को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

### वित्तीय सलाहकारों पर क्या हैं आरोप

सेबी ने नोटिस में इन छह निकायों से पूछा है कि उनसे क्यों न करोड़ों रुपये की वसूली की जाएं। आरोप है कि इन कथित वित्तीय सलाहकारों और निकायों ने लोगों को गुमराह कर उन्हें ट्रेडिंग संबंधी कोर्स में दाखिला दिलाया और बाजार को लेकर लोगों से झूठे वादे किए। अस्मिता पटेल ने खुद को बाजार की बड़ी जानकार के रूप में पेश किया और बड़े-बड़े वादे किए और दावा किया जा रहा है कि इन्होंने एक लाख से ज्यादा लोगों को शेयर बाजार के बारे में जानकारी देने के बदले मोटी कमाई की। लोगों को विशेष स्टॉक में ही निवेश के लिए लालच दिया गया।

सेबी के आदेश में कहा गया है कि इन इकाई के कृत्यों से यह स्पष्ट है कि इन्होंने शिक्षा प्रदान करने के बहाने छात्रों/निवेशकों/प्रतिभागियों को निवेश सेवाएं प्रदान कर रहीं थी और इन्होंने प्रतिभागियों से फीस के रूप में 53 करोड़ रुपये इकट्ठा किए।

# 'महंगाई और विकास दर पर सरकार और रिजर्व बैंक मिलकर काम करेंगे': वित्त मंत्री



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सभी मोर्चों जैसे महंगाई, विकास दर आदि पर मिलकर काम कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस ऐसे वक्त हुई, जब एक दिन पहले ही रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कटौती का एलान किया है। सीतारमण ने कहा कि वे अगले हफ्ते नया आयकर विधेयक संसद में पेश कर सकती हैं, जिसके बाद विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजा जाएगा।

### रिजर्व बैंक ने एक दिन पहले ही रेपो रेट में की थी कटौती

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार क्रेडिट देने पर फोकस कर रही है और आगे भी इस दिशा में काम जारी रहेगा। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी की बैठक के बाद शुक्रवार को एलान किया कि रेपो में 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती की गई है। इसे 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया गया है। फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया था। इससे पहले 2020 में कोविड महामारी के दौरान ब्याज दरों में कटौती की गई थी, लेकिन इसके बाद धीरे धीरे कर ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत बढ़ा दिया गया। रेपो रेट में कटौती की घोषणा लंबे समय के बाद हुई है।

### दिल्ली चुनाव के नतीजों पर क्या बोलीं वित्त मंत्री

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को दिल्ली चुनाव के नतीजों पर कहा कि यह समय की मांग है कि दिल्ली को ऐसी सरकार मिले जो लोगों की सेवा करे। रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीतारमण ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय की मांग है कि भारत के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ऐसी सरकार हो जो लोगों की सेवा करे।

२२वित्त मंत्री ने आगे कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि प्रधानमंत्री ने देश के लिए जो रोडमैप तय किया है, उसमें दिल्ली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और मानव विकास संकेतक से संबंधित सभी मुद्दों और बुनियादी ढांचे, स्कूलों, अस्पतालों और लोगों की स्वास्थ्य सेवा के लिए हर दृष्टिकोण से लोगों की सेवा की जाएगी।

### रुपये की कीमत गिरने पर बोले गवर्नर

# 'बाजार तय करता है रुपये की कीमत, रोजाना उतार-चढ़ाव से चिंतित नहीं'




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शनिवार को कहा कि रुपये की कीमत अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बाजार की ताकतें तय करती हैं। केंद्रीय बैंक रोजाना होने वाले उतार-चढ़ाव को लेकर चिंतित नहीं है। रुपये की कीमत को लेकर क्या है फ्ङकका नजरिया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रिजर्व बैंक के बोर्ड की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई रुपये की कीमत को मध्यम और लंबी अवधि के नजरिए से देखता है।

**रुपये की कीमत गिरने पर बोले आरबीआई गवर्नर :** रुपये की कीमत गिरने से महंगाई पर असर को लेकर गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अगर रुपया 5% तक गिरता है, तो घरेलू महंगाई दर पर 30-35 बेसिस प्वाइंट (बीपीएस) का असर पड़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि आरबीआई ने अगले वित्त वर्ष के लिए विकास और महंगाई के अनुमान तय करते समय मौजूदा रुपये-डॉलर विनिमय दर को ध्यान में रखा है।

इस दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई आयकर नीति को मंजूरी दे दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसे अगले सप्ताह लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसके बाद यह प्रस्ताव संसद की स्थायी समिति के पास भेजा जाएगा।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई जरुरी काम आज टाइम से पूरा हो जायेगा। आज किसी जरुरतमंद की मदद करने में संकोच न करें।

**वृष :** आज आपके दिमाग में मनोरंजन की बात छाई रहेगी। आगे कदम बढ़ाएं और आपने दोस्तों और परिवार जनों के साथ मिल कर कुछ खास करें।

**मिथुन :** कार्य स्थल पर नवीन समीकरणों के चलते आप पूरे समय व्यस्त रहेंगे। कुछ रुकी हुई परियोजनाएं अब प्रगति कर सकती है।

**कर्क :** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। निगेटिव थॉट्स को आज दिमाग में न आने दें। धनलाभ का योग बन रहा है, साथ ही खर्चों में भी इजाफा होने वाला है।

**सिंह :** आज दिन की शुरूआत में कुछ रुकावटें आ सकती हैं। सामाजिक मेल-मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। आज आपको आर्थिक योजना मैं लाभ मिलेगा।

**कन्या :** कुछ लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। अपने साहस और संगठित कार्य के बल पर आप आसानी से उन पर पर विजय प्राप्त कर सकतें हैं।

**तुला :** कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। आपकी समझ और विनम्रता से लोग काफी प्रभावित होंगे।

**वृश्चिक :** आज आपका कोई छुपा विरोधी आपको गलत साबित करने की पुरजोर कोशिश करेगा। आपको आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु :** आज के दिन आप में से कुछ की इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। व्यवस्थित रूप से कार्य करने पर चीजें आपको आगे बढ़ाएंगी।

**मकर :** किस्मत का साथ मिलेगा। छोटे-मोटे धनलाभ होते रहेंगे। फिजूलखर्ची से बचें। इस राशि के टीचर का आज ट्रांसफर किसी ऐसी जगह हो सकता है।

**कुंभ :** ईश्वर के स्मरण में बीतेगा। धार्मिक कार्य में आप व्यस्त रहेंगे। नौकरी-व्यवसाय में अनुकूल परिस्थिति रहेगी। आज आपका हर कार्य सरलता से पूर्ण होगा।

**मीन :** आज आपको मिले-जुले परिणाम मिलेंगे, लेकिन अंततः चीजें आपके पक्ष में और आपके लिए लाभदायक सिद्ध होंगी। पूर्वार्ध में थोड़ा निराश हो सकते हैं।

## चुटकुले

कोयल ने कौवे से पूछा - तुमने अभी तक शादी क्यों नहीं की?
कौवा बोला - बिना शादी के ही जिंदगी में इतनी कांव-कांव है,
शादी कर लूंगा तो पता नहीं क्या होगा?

---

टीचर- 10 नंबर के एक प्रश्न का जवाब दो
स्टुडेंट- सर प्रश्न पूछो
टीचर- बताओ सबसे ज्यदा नकल कहां होती है..?
स्टुडेंट- सर, व्हाट्स एप पर
टीचर- शाबाश, लो 10 में 10 नंबर

---

लड़का - क्या तुम मेरी सैलरी से गुजारा कर लोगी?
लड़की - मैं तो कर लूंगी पर आपका क्या होगा?

# रेपो दर में कटौती से विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ेगी मांग, मकान से लेकर वाहनों की बिक्री भी बढ़ेगी!



**नई दिल्ली।** रेपो दर में पांच साल बाद पहली कटौती अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में मांग बढ़ाने के लिए उत्प्रेरक का काम करेगी। उद्योग संगठन एसोचैम के चेयरमैन संजय नायर ने कहा, आरबीआई के इस फैसले से आवास, वाहन और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में मांग बढ़ाने में मदद मिलेगी।

नायर ने कहा, अगर महंगाई दर में गिरावट का रुख बरकरार रहता है, तो अगली कुछ तिमाहियों में दरों में और कटौती की उम्मीद कर सकते हैं। रियल एस्टेट संगठन क्रेडाई ने कहा, 0.25 फीसदी की कटौती का सीमित असर दिखेगा। इसने आवास मांग में मजबूत प्रोत्साहन के लिए और कटौती का मामला बनाया है। रेपो दर को कम करने का आरबीआई का निर्णय बजट में हाल की घोषणाओं का पूरक है, जिसका उद्देश्य खर्च और और आर्थिक विकास को गति देना है। वहीं, नरेडको ने कहा, होम लोन पर ब्याज दरें कम होंगी, जिससे मकानों की बिक्री को बढ़ावा मिलेगा। हमें बिक्री में वृद्धि, नकदी में सुधार और बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आने की उम्मीद है। इसके अलावा, डेवलपर्स नई परियोजनाएं लॉन्च करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा, यह कटौती वित्त मंत्री की बजट में की गई 12.75 लाख रुपये तक की राशि पर कर नहीं लगाने की घोषणा के साथ पूरी तरह मेल खाती है। इससे उपभोक्ताओं की खर्च योग्य आय में वृद्धि होगी। ऑटो लोन के और अधिक किफायती होने के साथ हम मूल्य संवेदनशील दोपहिया एवं एंट्री लेवल कारों की मांग में मजबूती आने की उम्मीद है।

ह्युंडई मोटर इंडिया के पूर्णकालिक निदेशक एवं सीओओ तरुण गर्ग ने कहा, ब्याज दरों में कटौती की घोषणा आगे चलकर समग्र मांग भावना के लिए अच्छा संकेत है। इससे ग्रामीण बाजारों में भी वाहनों की मांग बढ़ने की उम्मीद है।

इंडियन ओवरसीज बैंक के एमडी एवं सीईओ अजय कुमार श्रीवास्तव ने कहा, अगले वित्त वर्ष में महंगाई दर में और कमी आने की उम्मीद है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? भारत में पहली मोशन पिक्चर 'द रेसलर्स' थी जिसे साल 1899 में एक चित्रकार फोटोग्राफर ने हरिश्चंद्र सखाराम भट्टावडेकर कहा था।
- आमिर खान की फिल्म 'लगान' में बॉलीवुड सिनेमा के इतिहास में एक भी फिल्म में कभी भी इतने ज्यादा ब्रिटिश अभिनेताओं द्वारा भूमिका नहीं निभाई गई थी।
- जब धर्मेंद्र पहली बार फिल्म उद्योग में शामिल हुए थे, तो उनका वेतन केवल 51 रुपये का मामूली योग था।
- क्या आप जानते हैं? साल 1936 में अभिनेता बनने से पहले अशोक कुमार बॉम्बे टॉकीज में एक प्रयोगशाला सहायक थे।
- वहीदा रहमान ने अमिताभ बच्चन की मां और प्रेमी दोनों का किरदार निभाया है। उन्होंने प्रेमिका का किरदार फिल्म 'अदालत' (1976) और मां का किरदार फिल्म 'त्रिशूल' (1978) में निभाया था।
- फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर में अनिल कपूर की भूमिका के लिए शाहरुख खान पहली पसंद थे।
- राज ठाकरे साल 2005 में अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म बनाना चाहते थे।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 9 02 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



उदिता गौस्वामी
अभिनेत्री

## आज के जन्मदिन


आर्यवीर कक्कड़


आर्यन राठौड़


मृगांका सिंह
भाजपा नेत्री


प्रियंका पाठक


अनिल कुमार


संजय तिवारी
(वरिष्ठ पत्रकार)


गौरव बंसल


शाजिद मंसूरी


अतुल गुप्ता


डॉ. अरूण त्यागी


रणवीर सिंह


विकास सिंह चौहान


नरेश खन्ना


विजय शास्त्री


प्रदीप कंसल


विकास त्यागी


अशोक शर्मा


मनोज तालान


राहुल दास


मयंक शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज को चैंपियंस ट्रॉफी खिताब नहीं, भारत के खिलाफ मैच की चिंता



**लाहौर ।** भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में महामुकाबला 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमें तैयारी कर रही हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में मेजबान होने के साथ ही खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को हालांकि टूर्नामेंट जीतने से ज्यादा चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले की चिंता है।

### शरीफ बोले - भारत को हराना वास्तविक चुनौती

पाकिस्तान ने 2017 में फाइनल में भारत को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री शहबाज का मानना है कि टीम के लिए सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं, बल्कि 23 फरवरी को दुबई में अपने भारत को हराना वास्तविक चुनौती होगी। शहबाज ने नए सिरे से तैयार किए गए गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि भारत के खिलाफ उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गद्दाफी स्टेडियम का नवीनीकरण का कार्य 117 दिन में पूरा किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध गायक अली जफर, आरिफ लोहार और आइमा बेग ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया।

प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा, हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है। यह पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा अवसर है क्योंकि हम लगभग 29 साल के बाद किसी आईसीसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम चैंपियंस ट्रॉफी में भी देश का सिर ऊंचा करेगी।

### भारत-पाकिस्तान के बीच रही है कड़ी प्रतिद्वंद्विता

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट के मैदान पर हमेशा से ही कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही है। दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंदिता का लंबा इतिहास रहा है और भारतीय टीम ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 90 के दशक से ही दबदबा बनाए रखा है। पाकिस्तान ने आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में भारत के खिलाफ आखिरी जीत 2021 में दुबई में टी20 विश्व कप में हासिल की थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले न्यूजीलैंड को लग सकता है झटका, इस तेज गेंदबाज का खेलना मुश्किल



**कराची ।** न्यूजीलैंड 19 फरवरी से होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयारियां कर रही है, लेकिन इससे पहले ही उसे झटका लग सकता है। उसके स्टार तेज गेंदबाज ऑलराउंडर लॉकी फर्ग्यूसन फिटनेस हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। फर्ग्यूसन को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आईएलटी20 लीग के दौरान हैम्स्ट्रिंग चोट लगी थी। उन्होंने हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी और दक्षिण अफ्रीका तथा पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए खुद को उपलब्ध रखा था।

### फर्ग्यूसन का हुआ है स्कैन

आईएलटी20 लीग में दुबई कैपिटल्स के खिलाफ क्वालिफायर मैच में डेजर्ट वीपर्स के लिए खेलने वाले फर्ग्यूसन मैदान से बाहर चले गए थे और वह अपने कोटे के ओवर भी पूरे नहीं कर सके थे। उनकी जगह फाइनल ओवर डालने के लिए मोहम्मद आमिर को बुलाया गया था। चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए फर्ग्यूसन का स्कैन कराया गया और न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पुष्टि की है कि उन्हें रिपोर्ट का इंतजार है।

स्टीड ने कहा, फर्ग्यूसन का यूएई में स्कैन हुआ है, हमने तस्वीरें देखी है, लेकिन हमें रेडियोलॉजिस्ट से रिपोर्ट का इंतजार है। अबतक जो लग रहा है वो हैम्स्ट्रिंग चोट दिख रही है।

लेकिन हम इंतजार करेंगे और फर्ग्यूसन का पाकिस्तान ले जाना है या चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी जगह किसी अन्य का चयन करना है, इस बारे में बाद में फैसला लेंगे।

**पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरूआत करेगा न्यूजीलैंड :** फर्ग्यूसन शारजाह वॉरियर्स के खिलाफ एलिमिनेटड मुकाबले में भी बाहर रहेंगे।

# दूसरे वनडे से पहले पुरी के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे वरुण-अक्षर और सुंदर



**पुरी ।** इंग्लैंड के खिलाफ कटक के बाराबती स्टेडियम में रविवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के तीन खिलाड़ियों ने शनिवार को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया और भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया।

इन तीनों खिलाड़ियों वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह-सुबह जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। पुलिस ने कहा कि खिलाड़ियों ने सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में दर्शन किए। वाशिंगटन सुंदर ने बाद में कहा, 'दर्शन करके बहुत अच्छा लग रहा है।' पुलिस ने भुवनेश्वर और कटक के बीच खिलाड़ियों की आवाजाही के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है।


भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को कटक में होने वाले दूसरे वनडे मैच में पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फिटनेस पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की सीरीज में शुरूआती बढ़त हासिल की है और उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखकर सीरीज जीतना होगा।

कोहली दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनकी फिटनेस को लेकर चिंताए व्यक्त की जा रही हैं। भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने हालांकि स्पष्ट किया है कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है और वह दूसरे वनडे में खेलेंगे। कोहली भी टीम के साथ कटक पहुंचे हैं और वह सहज नजर आ रहे थे।

यह भारत के लिए अच्छे संकेत हैं लेकिन इससे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए टीम प्रबंधन को माथापच्ची करनी पड़ेगी। पिछले मैच में कोहली की जगह श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल किया गया था और उन्होंने 36 गेंद पर 59 रन बनाकर टीम में अपनी जगह सुरक्षित कर ली थी।

# भारत-पाकिस्तान के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में होगी ये टीम

**नई दिल्ली ।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले क्रिकेट पंडितों द्वारा भविष्यवाणियां करने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज



शोएब अख्तर ने टूनार्मेंट की सेमीफाइनलिस्ट टीमों को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। उनका कहना है कि भारत और पाकिस्तान तो नॉक आउट स्टेज में पहुंचेगी, अगर अफगानिस्ता की टीम मैच्योरिटी दिखाती है तो वो भी सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर सकती है।

# ये खिलाड़ी मुझसे ज्यादा प्रतिभाशाली, जरा अश्विन का जिगरा तो देखिए, 'नंबर वन जोड़ीदार' का पढ़ा कसीदा



**नई दिल्ली ।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की शान में कसीदा पढ़ा है। अश्विन ने जिस अंदाज में 'नंबर वन जोड़ीदार' जडेजा की तारीफ की, उसके लिए जिगरा चाहिए। वह जडेजा को खुद से ज्यादा प्रतिभाशाली मानते हैं। अश्विन ने दिसंबर 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया था। वहीं, 36 वर्षीय जडेजा ने हाल ही में (6 फरवरी) इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 9 ओवर के स्पेल में सिर्फ 26 रन दिए और तीन विकेट चटकाए। साथ ही वह 12 रन बनाकर नाबाद रहे।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ह्लजब कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो हमारा मीडिया उसकी सराहना करने में विफल रहता है। जब भी हम हारते हैं तो हर कोई खलनायक बन जाता है। उन्होंने जो रूट को आउट किया (भारत बनाम इंग्लैंड के पहले वनडे में)। जडेजा हमेशा रडार के नीचे रहते हैं। वह एक 'जैकपॉट जांगो' हैं। वह मैदान में +10 हैं। वह अच्छी गेंदबाजी भी करते हैं और दबाव की स्थिति में बल्लेबाजी भी करते हैं। हम जडेजा को पर्याप्त श्रेय नहीं देते हैं। उन्होंने आगे कहा, ह्लजडेजा मुझसे कहीं ज्यादा प्रतिभाशाली हैं। वह जन्मजात एथलीट हैं।

# पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी टीम में करेगा बदलाव

## पीसीबी प्रमुख बोले - चयनकर्ता करेंगे समीक्षा

**लाहौर ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने कहा कि चयन समिति चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई राष्ट्रीय टीम की समीक्षा करेगी। उन्होंने हालांकि, बल्लेबाज खुशदिल शाह और ऑलराउंडर फहीम अशरफ के टीम में शामिल होने के फैसले का बचाव किया। मालूम हो कि इन दोनों खिलाड़ियों के टीम होने से विवाद हो रहा था। प्रत्येक क्रिकेट बोर्ड के पास टीम में बदलाव करने के लिए 12 फरवरी तक का समय है।



### नकवी का बयान कप्तान रिजवान से अलग

पीसीबी प्रमुख का यह बयान कप्तान मोहम्मद रिजवान से अलग है जिन्होंने कहा था कि 15 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं होगा। नकवी ने कहा, 'चयनकताओं के पास टीम की समीक्षा करने का अधिकार होता है। खुशदिल और फहीम अशरफ को सही इरादे के साथ टीम में लिया गया था।' कई पूर्व खिलाड़ियों और विशेषज्ञों ने खुशदिल और फहीम को चैंपियंस ट्रॉफी टीम में शामिल करने के लिए चयनकताओं की आलोचना की थी। इन लोगों ने लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने के कारण खुशदिल और फहीम के टीम में शामिल होने का विरोध किया था।

### फहीम-खुशदिल को लेने पर हुआ था विवाद

फहीम ने 34 वनडे मैचों में 10.66 के औसत से 224 रन बनाए हैं और 46.30 के औसत से 26 विकेट लिए हैं। उन्होंने अपना अंतिम वनडे मैच सितंबर 2023 में खेला था। दूसरी ओर, खुशदिल अपनी पिछली 10 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं जड़ सके हैं। उन्होंने अगस्त 2022 से राष्ट्रीय टीम के लिए कोई मुकाबला नहीं खेला है। नकवी ने कहा कि वह चयनकताओं के काम में हस्तक्षेप नहीं करते हैं और जो उन्होंने सोचा है वो टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा। नकवी ने कहा, 'हां, चयनकर्ता टीम की समीक्षा कर रहे हैं क्योंकि उनके पास इसमें बदलाव करने के लिए 12 फरवरी तक का समय है।

# सचिन को पीछे छोड़ने के करीब पहुंचे रोहित

## 50 रन बनाते ही यह उपलब्धि करेंगे हासिल



**कटक ।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भले ही खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं, लेकिन वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ओपनर के तौर पर सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंचने के करीब हैं। अभी वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर इस सूची में शीर्ष दो में हैं, लेकिन रोहित और सचिन के बीच फासला महज 50 रनों का है। भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाना है और रोहित की नजरें इस मैच में सीरीज जीतने के साथ ही बल्ले से भी उम्दा प्रदर्शन करने की होगी।

### सहवाग सूची में शीर्ष पर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ओपनर के तौर पर सर्वाधिक रन बनाने भारतीय बल्लेबाजों की सूची में सचिन 346 मैचों में 15335 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, 37 साल के रोहित ने अबतक ओपनर के तौर पर 342 मैचों में 45.22 के औसत से 15285 रन बनाए हैं। इस सूची में पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग शीर्ष पर हैं, जिन्होंने ओपनर के तौर पर 321 मैचों में 41.90 के औसत से 15758 रन बनाए हैं। रोहित के पास अब इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान सचिन को पीछे छोड़कर दूसरे नंबर पर आने का मौका रहेगा।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ओपनर के तौर पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में रोहित फिलहाल आठवें स्थान पर चल रहे हैं। सनथ जयसूर्या इस सूची में शीर्ष पर हैं, जबकि इसके बाद क्रिस गेल, डेविड वॉर्नर, ग्रीम स्मिथ, देसमोंड हेन्स, सहवाग और तेंदुलकर का नंबर आता है। रोहित पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। रोहित पहले वनडे में केवल दो रन बना पाए थे। मुंबई के इस बल्लेबाज ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में 64 रन बनाने के बाद किसी भी प्रारूप में अर्धशतक नहीं लगाया है। रोहित की कोशिश होगी कि 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वह फॉर्म लौटें। रोहित इससे पहले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी प्रभावित नहीं कर सके थे। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले रणजी ट्रॉफी में खेलने का फैसला किया था, लेकिन वहां भी वह फ्लॉप ही रहे थे।

# सैमसन और केरल क्रिकेट संघ के विवाद में कूदे श्रीसंत

## केसीए ने याद दिलाई मैच फिक्सिंग की घटना

**नई दिल्ली ।** संजू सैमसन और केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के बीच विवाद में अब श्रीसंत भी कूद पड़े हैं। उन्होंने सैमसन को घरेलू टूनार्मेंट के मैच में नहीं खेलने देने पर केरल क्रिकेट संघ की आलोचना की है। हालांकि, केसीए ने भी उनको पलटकर जवाब दिया है। दरअसल यह विवाद जनवरी में शुरू हुआ था जब उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले के लिए केरल की टीम में नहीं चुना गया था। इसके बाद केरल की टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इस पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर की भी प्रतिक्रिया आई थी और उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में सैमसन के न चुने जाने के लिए केसीए को जिम्मेदार ठहराया था।



### श्रीसंत ने केसीए पर लगाए गंभीर आरोप

श्रीसंत ने मामले को लेकर ओनमनोरमा से कहा, 'केसीए केरल की टीम में खेलने के लिए अन्य राज्यों से खिलाड़ियों को लाते हैं। वे ऐसा क्यों करते हैं? हमारे मलयाली क्रिकेटरों के लिए अपमानजनक है। हमारे पास अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिर्फ एक खिलाड़ी है, संजू। आइए हम सभी उसका समर्थन करें। तथाकथित केसीए ने सैमसन के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नहीं बनाया है। हमारे पास सचिन, निधिश, विष्णु विनोद और कई अन्य शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन क्या वे उन्हें उच्च स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं?' केसीए ने श्रीसंत को दिया जवाब इस पर केसीए ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'जब श्रीसंत मैच फिक्सिंग मामले में आरोपों का सामना करते हुए जेल में थे, तो केसीए के अधिकारियों ने उनसे मुलाकात की और उनका समर्थन किया था। हालांकि, अदालत ने आपराधिक मामले को खारिज कर दिया, लेकिन सच यह है कि उन्हें मैच फिक्सिंग मामले में बरी नहीं किया गया है। इस स्थिति में श्रीसंत को अन्य खिलाड़ियों की सुरक्षा करने की परवाह करने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह केवल केसीए के सुरक्षात्मक दृष्टिकोण के कारण था कि श्रीसंत को अपनी सजा पूरी करने के बाद रणजी ट्रॉफी सहित मैचों में अवसर दिए गए थे।'

### सैमसन के मामले ने तूल पकड़ा था

सैमसन को विजय हजारे ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया था क्योंकि उन्होंने राज्य की टीम के ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा नहीं लिया था। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट कर केरल क्रिकेट संघ को घेरा था और उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। थरूर ने बताया कि कैसे सैमसन ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी (श्ल्ळ) के बीच में प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने में असमर्थता के बारे में केसीए को पहले ही सूचित कर दिया था।

# रोहित की फॉर्म, कोहली की फिटनेस पर नजरें

**कटक ।** भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे मैच को जीतकर तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले मैच में शानदार जीत दर्ज की थी। पहले मैच में कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला नहीं चला था और उनका रन बनाने का संघर्ष जारी रहा था। वहीं, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली घुटने में चोट के कारण इस मैच नहीं खेले थे। अब दूसरे वनडे में नजरें रोहित की फॉर्म और कोहली की फिटनेस पर रहेंगी।



### गंभीर नहीं है कोहली की चोट

कोहली दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनकी फिटनेस को लेकर चिंताए व्यक्त की जा रही हैं। भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल ने हालांकि स्पष्ट किया है कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है और वह दूसरे वनडे में खेलेंगे। कोहली भी टीम के साथ कटक पहुंचे हैं और वह सहज नजर आ रहे थे। यह भारत के लिए अच्छे संकेत हैं लेकिन इससे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए टीम प्रबंधन को माथापच्ची करनी पड़ेगी। पिछले मैच में कोहली की जगह श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल किया गया था और उन्होंने 36 गेंद पर 59 रन बनाकर टीम में अपनी जगह सुरक्षित कर ली थी।

### कोहली 14000 वनडे रन पूरे करने के करीब

कोहली ने वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और वह इस प्रारूप में 14000 रन पूरे करने से केवल 94 रन दूर हैं। अगर वह यह उपलब्धि हासिल कर लेते हैं तो फिर वह सचिन तेंदुलकर (18,426) और कुमार संगकारा (14,234) के बाद इस मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली की तरह कप्तान रोहित भी रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह पहले वनडे में केवल दो रन बना पाए थे।

मुंबई के इस बल्लेबाज ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में 64 रन बनाने के बाद किसी भी प्रारूप में अर्धशतक नहीं लगाया है। अगर रोहित दूसरे वनडे में भी रन नहीं बना पाते हैं तो उनकी फॉर्म और भविष्य को लेकर आशंकाएं पैदा हो जाएंगी।

आइए जानते हैं भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे वनडे मैच से जुड़ी सारी जानकारियां... भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच कब खेला जाएगा? भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच रविवार यानी 09 फरवरी को खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच कहां खेला जाएगा।

### अश्लील वीडियो बनाकर वसूली करने वाले पकड़े गए

## मां बेटे गिरफ्तार, 2.45 लाख और सोने का कड़ा छीना था



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने एक बड़े वसूली गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपी लोगों को घर बुलाकर उनके अश्लील वीडियो बनाते और फिर ब्लैकमेल कर रुपए वसूलते थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, मामला 30 जनवरी का है, जब पीड़ित सूरज कुमार को आरोपी अनीशा उर्फ अनीता ने अपने शालीमार गार्डन स्थित किराए के मकान पर बुलाया। जब सूरज मकान पर पहुंचा, तो वहां पहले से अनीशा के साथ तीन युवक और दो युवतियां मौजूद थे। आरोपियों ने दरवाजा बंद कर सूरज को डरा-धमकाकर उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए, इसके बाद वीडियो को वायरल करने और परिवार को भेजने की धमकी देकर 2.45 लाख रुपए की वसूली की। इतना ही नहीं, पीड़ित के हाथ में पहना सोने का कड़ा भी छीन लिया।

पीड़ित की शिकायत पर थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर कई टीमों का गठन किया। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो युवतियां और दो युवक अभी भी फरार हैं।

पुलिस ने आरोपियों से वसूली की गई नकदी भी बरामद की है। जांच में सामने आया है कि गिरोह का यह पहला मामला नहीं है, वे पहले भी कई लोगों को अपना शिकार बना चुके हैं। इसके बाद मैन्युअल इनपुट और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नदीम खान और अनीशा बेगम उर्फ अनीता को शालीमार गार्डन के गणेशपुरी से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 20000 रुपए बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में पकड़े गए मां और बेटे ने बताया है की पीड़ित सूरज पहले से जानकार थे। महिला ने सूरज को किराए के मकान पर किसी बहाने से बुलाया वहां महिला और सूरज अन्य साथियों ने सूरज को कमरे में बंद कर लिया उसके बाद उसके अश्लील फोटो और वीडियो बनाएं साथ ही पैसों की मांग की।

पैसे ना देने पर उसके फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसी के डर से सूरज ने अपने दोस्त दीप सिंह को फोन करके 245000 मंगवा कर आरोपियों को दिए। साथ ही हाथ में पहना सोने का कड़ा भी आरोपियों ने ले लिया। पुलिस ने जहां मां बेटे को गिरफ्तार कर लिया है वहीं अन्य दो आरोपियों की तलाश कर रही है।

## आईपीएल द्वारा आईएमई कॉलेज में पोक्सो का प्रशिक्षण सत्र आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई0एम0ई0 कॉलेज, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद में समाधान अभियान और इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कंपनी की संयुक्त परियोजना 'चुप्पी तोड़ - हल्ला बोल' के अंतर्गत शनिवार को पोक्सो एक्ट 2012 पर छात्रों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविराज सिंह इंस्पेक्टर साइबर क्राइम साहिबाबाद, एवं विशिष्ट अतिथि महिला चोकी टीम साहिबाबाद थाना, और किशन गोइन्का, मेंटर ग्लोबल ग्रांट पार्टनर्स रोटरी क्लब/डायरेक्टर वशुंधरा बायो साइंस प्राइवेट लिमिटेड उपस्थित रहे। समाधान अभियान की संस्थापक निदेशिका अर्चना अग्निहोत्री ने छात्रों को बाल यौन शोषण से बचाव और पोक्सो एक्ट-2012 के बारे के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार के यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समय बदल गया है, टेक्नोलॉजी बहुत जरूरी है, लेकिन सतर्क रहना भी आवश्यक है, अन्यथा आप मुश्किल में पड़ सकते हैं। उन्होंने पोक्सो एक्ट की जानकारी एवं बाल यौन शोषण की रोकथाम के लिए संस्था के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एवं छात्रों को बाल यौन शोषण के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथि गणों को आई0एम0ई0 कॉलेज के सहयोग से सम्मानित किया गया। संस्था की निदेशक अर्चना अग्निहोत्री ने सबका धन्यवाद किया।

## गाजियाबाद पुलिस ने सांसी गैंग के 4 सदस्य पकड़े, 12 लाख के जेवरात बरामद, 6 राज्यों में दे चुके हैं वारदातों को अंजाम





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद रेलवे पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए हरियाणा के कुख्यात सांसी गिरोह के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों का अनूठा तरीका था कि वे ट्रेन में रिजर्वेशन करवाकर यात्रा करते और यात्रियों की रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। सीओ जीआरपी मुरादाबाद सुदेश गुप्ता के अनुसार, गिरोह के सदस्य इतने चतुर थे कि यात्रियों के सामान को देखकर ही भांप लेते थे कि किसके पास कीमती सामान या जेवरात हैं। फिर मौका देखकर चोरी कर फरार हो जाते थे। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह ने छह राज्यों में अपनी आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया है।

पुलिस ने आरोपियों से 12 लाख रुपये के जेवरात बरामद किए हैं और जिन यात्रियों के जेवरात बरामद हुए हैं, उन्हें सूचित कर दिया गया है। पुलिस अब इन बदमाशों के आपराधिक इतिहास को देखते हुए इन पर गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी कर रही है। यह गिरफ्तारी रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए एक बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।

### मुरादनगर के पॉलीथीन गोदाम में भीषण आग

## 5 दमकल गाड़ियों ने 9 घंटे में पाया काबू जेसीबी से तोड़ी दीवार, लाखों का नुकसान



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर के गांव डिड़ौली में शहजादपुर मार्ग स्थित एक पॉलीथीन गोदाम में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग की घटना शाम 6 बजे के आसपास शुरू हुई, जब गोदाम परिसर से धुआं उठता देख आसपास के ग्रामीणों ने गोदाम कर्मियों को सूचित किया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची लपटें उठने लगीं। सूचना मिलते ही मुरादनगर पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। शाम से रात 12 बजे तक आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन अंधेरे के कारण दमकल कर्मियों को वापस लौटना पड़ा। अगली सुबह 7 बजे फिर से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इस बार दमकल कर्मियों ने खउइ की मदद से गोदाम की दीवार तोड़कर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कुल 5 दमकल गाड़ियों की मदद से 9 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। एफएसओ मोदीनगर मूलचंद्र के अनुसार, पहले दिन जेसीबी मशीन नहीं मिलने के कारण आग पर नियंत्रण पाना मुश्किल था। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। गोदाम में निमार्णाधीन चारदीवारी के कारण पॉलीथीन खुले में रखी हुई थी। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन लाखों रुपये की पॉलीथीन जलकर नष्ट हो गई है।

## आईएमएस यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 'सिंपोजियम' का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई०एम०एस० (यूनिवर्सिटी कोर्सेस कैम्पस) गाजियाबाद में शनिवार को बायोसाइंस विभाग द्वारा एक दिवसीय द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (सिंपोजियम) का आयोजन किया गया। जिसका विषय भोजन एवं स्वास्थ्य सुरक्षा में नई तकनिकी का उपयोग रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डा. रितु कुलश्रेष्ठ (निदेशिका वल्लभ भाई पटेल चेस्ट इन्स्टीट्यूट नई दिल्ली), डा. दीपक पराशर (मेडिकल कालेज आफ विसकन्सेन सुयुक्त राज्य अमेरिका), डा. अरनब शर्मा (वैज्ञानिक युनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर शेल्सविग, जर्मनी) एवं संस्थान के निदेशक डा. अरुण कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। सिंपोजियम कार्यक्रम में सभी शिक्षकों, वैज्ञानिकों, प्रोफेसर, कम्पनी डेलीगेट्स के साथ में लगभग 350 से अधिक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुये। कार्यक्रम में विभिन्न पुरस्कार भी वितरित किये गये। संस्थान के बायोसाइंस विभाग के सहप्राध्यापक डा. स्वाति त्यागी एवं डा. संदीप गौतम ने कार्यक्रम का संचालन किया। विभागाध्यक्षिका डा. सुरभी जौहरी ने छात्रों एवं अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए उन्हें द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (सिंपोजियम) 2025 में सम्मिलित एवं सम्मानित होने के लिये धन्यवाद दिया।

## सुंदर दीप फार्मेसी कॉलेज ने किया एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप फार्मेसी कॉलेज, गाजियाबाद ने पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स, नई दिल्ली के सहयोग से नॉन-एनिमल मेथड्स फॉर ड्रग डेवलपमेंट एंड सेफ्टी टेस्टिंग इन इंडियाः न्यू पाथ फॉर न्यू ड्रग्स विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर सुंदर दीप ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन और एस डी जी आई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के संरक्षक प्रोफेसर (डॉ.) प्रसनजीत कुमार (वाईस चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक अनुसंधान में सटीकता और गुणवत्ता के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना बेहद आवश्यक है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रोहित बिष्ट (साइंटिस्ट, रेगुलेटरी टेस्टिंग, पेटा इंडिया, नई दिल्ली) ने अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करते हुए बताया कि पेटा इंडिया भारत में पशु अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक अग्रणी संगठन है।

कॉलेज के निदेशक और कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर (डॉ.) आर. डी. गुप्ता ने उद्घाटन भाषण में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि फार्मास्युटिकल क्षेत्र में नई तकनीकों को आत्मसात करना छात्रों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम की समन्वयक सुष्मिता मिश्रा (एसोसिएट प्रोफेसर, सुंदर दीप फामेर्सी कॉलेज) ने कार्यक्रम का संचालन बेहतरीन तरीके से किया। कार्यक्रम मे डॉ. राजीव रतन (रजिस्ट्रार, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी), डॉ. शालिनी शर्मा (प्रिंसिपल एसपीएस, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी), डॉ. नितिन कुमार, डॉ. सीमा जैन, नेहा जैन और निधि सिंह एवं सुंदर दीप कॉलेज ऑफ फार्मेसी के सभी अध्यापक, छात्र-छात्राये और स्टाफ सदस्यो ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन डॉक्टर प्रसून कुमार सक्सेना के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## मोदीनगर के मालगाड़ी कॉरिडोर में चोरी: 5 मालगाड़ियों का आवागमन ठप

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में मालगाड़ियों के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने न्यू मोहिउद्दीनपुर से न्यू पिलखुवा के बीच रेलवे ट्रैक से सेंसर केबल चोरी कर ली और कई महत्वपूर्ण उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना के कारण सिग्नल प्रणाली पूरी तरह से ठप हो गई, जिससे पांच मालगाड़ियों का आवागमन प्रभावित हुआ। घटना का पता तब चला जब न्यू पिलखुवा स्टेशन मास्टर अनिल कुमार कुशवाहा ने रेलवे ट्रैक फेल होने की सूचना दी। ईडीएफसी के न्यू पिलखुवा वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी कन्हैया ने भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। मौके पर पहुंची सिग्नल टीम ने जांच में पाया कि रेलवे ट्रैक पर लगे सेंसर गायब थे और अन्य उपकरण क्षतिग्रस्त थे। यह कॉरिडोर खुर्जा जंक्शन से जुड़ा हुआ है।

### बीजेपी सांसद अतुल गर्ग का केजरीवाल-अखिलेश पर करारा प्रहार

## दिल्ली को नासमझ व्यक्ति से मिला छुटकारा अखिलेश यादव की महत्वाकांक्षा मर रही है

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद से बीजेपी सांसद और दिल्ली चुनाव सह प्रभारी अतुल गर्ग ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने केजरीवाल को लेकर कहा कि दिल्ली के लोगों को एक नासमझ और महत्वाकांक्षी व्यक्ति से छुटकारा मिल गया है, जिन्होंने राजनीति को प्रदूषित किया।



**दिल्ली के लोगों को एक नासमझ और महत्वाकांक्षी व्यक्ति से छुटकारा मिल गया है, जिन्होंने राजनीति को प्रदूषित किया।**
**सांसद अतुल गर्ग**

गर्ग ने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे झूठ बोलने, मक्कारी करने और लोगों को गुमराह करने में माहिर हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल कभी पानी में जहर की बात करते थे, तो कभी 15 करोड़ रुपये की पेशकश की बात करते थे, लेकिन कभी इसकी शिकायत नहीं की। अखिलेश यादव के चुनाव आयोग संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए सांसद ने कहा कि जब खुद की आकांक्षाएं और महत्वाकांक्षाएं मरने लगती हैं, तब दूसरे मरे हुए दिखाई देते हैं।

उन्होंने मिल्कीपुर (यूपी) चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जब समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार जीता तो अखिलेश खुश थे, लेकिन अब दूसरा जीता तो रो रहे हैं। गर्ग ने यह भी याद दिलाया कि लोकसभा चुनाव में यूपी में बीजेपी को 62 में से 36 सीटें मिली थीं, तब चुनाव आयोग जिंदा था, लेकिन जब वे चुनाव हारते हैं तो उन्हें चुनाव आयोग मरा हुआ दिखने लगता है। तब क्यों नहीं कहा उन्होंने चुनाव आयोग मर गया है। उससे पहले उन्होंने ईवीएम कहना शुरू कर ही दिया था। अभी तो मैं वेट कर रहा हूं कि अभी तक ईवीएम की बात क्यों नहीं आई है मेरी समझ में नहीं आ रहा। अरविंद केजरीवाल ने अपने घर में बार बनवाया। उनके माता-पिता बुजुर्ग हैं बच्चे छोटे हैं। कौन पीता था शराब। बार भी सरकारी पैसे से बनवाया।

## कार निकालने को लेकर मारपीट : स्कॉर्पियो और वैगनआर में तोड़फोड़, दोनों पक्षों के 5 लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र में कार निकालने को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रफीकाबाद एसआर गार्डन के सामने 7 तारीख को रात करीब 9 बजे स्कॉर्पियो और वैगनआर कार सवारों के बीच रास्ते में गाड़ी निकालने को लेकर विवाद शुरू हुआ।

मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की गाड़ियों में ईंट-पत्थरों से तोड़फोड़ की और जमकर मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें कारों को ईंट-पत्थरों से क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। डीसीपी रूरल सुरेंद्रनाथ तिवारी के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर दोनों पक्षों से कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पक्ष से 43 वर्षीय इरफान और उनका 18 वर्षीय पुत्र फैजान गिरफ्तार किए गए हैं। दूसरे पक्ष से गाजियाबाद निवासी 35 वर्षीय इमरान, 31 वर्षीय अमीर और मुजफ्फरनगर निवासी 22 वर्षीय अर्शलम को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।




## क्या अभी पुलिस की टेंशन और बढ़ाएंगे बाजार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि भले ही बाजार को लेकर लखनऊ वाले साहब बड़ा फरमान दें गए हों लेकिन अभी भी पुलिस कमिश्नरेट के लिए टेंशन वाला दौर जारी रह सकता है। पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि एक भवन में हुई प्रशासनिक और राजनीतिक चेहरों की मीटिंग के बाद भी अभी बहुत सारे मामलों में पेंच फंसा हुआ है। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस के अधिकारी बाजार वाली बात को लेकर अभी कुछ और चर्चा हो सकती है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जैसे ही शनिवार को लखनऊ से आने वाले साहब ने इस मामले से पुलिस को साफ-साफ दूर रहने वाली बात की, तो कई अधिकारी और थाना प्रभारी से लेकर एसीपी खुश नजर आए हैं, पर सूत्र बता रहे हैं कि शाम को बाजार को लेकर जो आदेश आया है, वह अभी कितने दिन जारी रहेगा, इसको लेकर संशय है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले लोकल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बंद कमरे में हुई अधिकारियों और नेताओं वाली बैठक में भी अभी पुलिस इस मामले पर पूरी तरीके से बैक फुट पर नहीं



आई है। सुनने में आ रहा है कि अधिकारी अभी जाम और बाजार से लगने वाले तामझाम की बात मीटिंग में रख चुके हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर बाजार वाला मामला दोबारा आया तो फिर इसमें व्यापारियों के साथ वह दल भी उतर आएंगे जो अभी इस आंदोलन में पूरी तरीके से नहीं आए थे। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे बाजार वाले फैसले पर जो फरमान सुनाया गया है, उसके कई और मायने भी पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों द्वारा लगाने शुरू कर दिए गए हैं। कहा जा रहा है कि जिस तरीके का फरमान लखनऊ वाले साहब सुनाकर गए हैं उसके पीछे भी कहीं ना कहीं महाराज जी का ही निर्देश रहा होगा। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में शनिवार को हुए कार्यक्रम में एक अधिकारी के नजर नहीं आने की भी चर्चा जमकर हुई है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आने वाले दिनों में पुलिस की बाजार कितनी टेंशन बढ़ाते हैं और क्या यह टेंशन अब दोबारा शुरू नहीं होगी, इस बात को देखा जाना अभी शेष है। वैसे जिस अंदाज में लखनऊ से आने वाले साहब ने बयान दिया है, उसके कई और मायने भी लखनऊ और प्रदेश वाले सूत्र लगा रहे हैं।

### गाजियाबाद में एटीएम से छेड़छाड़

## साइन बोर्ड में लगाई आग, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर स्थित उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के एटीएम में एक अज्ञात व्यक्ति ने छेड़छाड़ कर साइन बोर्ड में आग लगा दी। ये घटना सुबह करीब 4:44 बजे की है, जो एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बैंक के शाखा प्रबंधक नितिन कुमार ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि सुबह उन्हें सूचना मिली कि एटीएम बूथ का साइन बोर्ड जला दिया गया है। जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई तो पता चला कि एक व्यक्ति एटीएम बूथ में घुसा और मशीन से छेड़छाड़ करने लगा। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया कि जब एटीएम से छेड़छाड़ करने में आरोपी असफल रहा, तो उसने बाहर आकर माचिस निकाली और साइन बोर्ड में आग लगा दी। हालांकि, आग से कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

## पुलिस की 5 बदमाशों से मुठभेड़ चार बदमाशों को लगी गोली

### कांबिंग के बाद एक गिरफ्तार, राह चलते लोगों से करते थे लूटपाट

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में दो अलग-अलग मुठभेड़ में चार बदमाशों को गोली लगी। एक बदमाश को कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। ये सभी बदमाश राह चलते लोगों से लूटपाट करते थे। पुलिस इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है।





### केस-1 कार से आए बदमाशों से मुठभेड़

थाना फेस 3 पुलिस टीपीनगर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सामने से एक बिना नंबर प्लेट की कार आती दिखाई दी। रूकने का इशारा किया लेकिन नहीं रूका। शक होने पर पुलिस फोर्स द्वारा पीछा किया गया तो कार सवार गोल चक्कर की तरफ जाने लगे। सामने से पुलिस पार्टी को आता देख और अपने आप को घिरता हुआ देख बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में तीनों बदमाशों को गोली लगी। बदमाशों की पहचान लक्की उर्फ काकसी राठौर, सौरभ चौहान, सत्यम के रूप में हुई है। इनके कब्जे से तीन तमंचा, एक कार बिना नंबर प्लेट बरामद की गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। ये लोग राह चलते लोगों से लूटपाट करते थे।

### केस-2 डीएलएफ के पास मुठभेड़

थाना सेक्टर-20 पुलिस डीएलएफ तिराहा शौचालय के पास चेकिंग कर रही थी। सामने से बिना नंबर प्लेट की मोटर साइकिल पर दो लोग आते दिखे। पुलिस ने रूकने का इशारा किया। वह नहीं रुके और भागने लगे। पुलिस ने करीब 1 किमी तक बदमाशों का पीछा किया। बदमाश भागते हुए सेक्टर 18 मल्टी लेवल पार्किंग के पास पहुंचे। वहां बदमाशों ने अपने को घिरता देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया।

पुलिस ने जवाबी फायर किया। एक गोली बदमाश को लगी। बदमाश की पहचान रोशन हुई। दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जिसे कांबिंग के बाद गिरफ्तार किया गया। इसकी पहचान अनवर के रूप में हुई है। मौके से मोटर साइकिल स्पलेंडर बिना नंबर प्लेट के बरामद की गई। पकड़े गए बदमाश रोशन पर 13 मुकदमा और अनवर पर चार से ज्यादा मुकदमा दर्ज है।

### रविवार को 6 घंटे गुल रहेगी बिजली

## हापुड़ में विद्युत विभाग ने जारी की सूचना, मोदीनगर रहेगा प्रभावित




**हापुड़ करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। उपखंड द्वितीय क्षेत्र के दो प्रमुख बिजलीघरों में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते शनिवार और रविवार को कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी द्वितीय हिमांशु सचान के अनुसार, शनिवार को मोदीनगर रोड बिजलीघर पर अमूल डेयरी पोषक के बिजनेस प्लान के तहत कार्य किया जाएगा। इस दौरान सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ईशापुर, भोजपुर और मोदीनगर रोड मार्ग की औद्योगिक इकाइयों की बिजली सप्लाई प्रभावित होगी।

वहीं रविवार को आनंद विहार बिजलीघर के पावर परिवर्तक यार्ड पर मरम्मत कार्य होगा। इस कारण पूरा बिजलीघर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगा। विभाग का कहना है कि वे पूरा प्रयास करेंगे कि उपभोक्ताओं को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। जर्जर तारों की मरम्मत भी इस दौरान की जाएगी, जो कि बिजली आपूर्ति में बाधा का एक प्रमुख कारण है।

# हमास ने इस्राइल के तीन और बंधकों को किया रिहा
## रिहाई से पहले गाजा में हजारों लोगों के सामने कराई परेड

**तेल अवीव ।** हमास ने शनिवार को इस्राइल के तीन और बंधकों को रिहा कर दिया। रिहाई से पहले तीनों बंधकों की हमास ने गाजा में हजारों लोगों के सामने परेड कराई। हमास ने बंधकों को रिहाई से पहले हजारों लोगों के सामने मंच पर पेश किया और उनसे बयान देने को कहा गया। हालांकि पूर्व में रिहा किए गए बंधकों को मंच पर बोलने के लिए नहीं कहा गया था। जब बंधकों को रिहा किया जा रहा था तो मौके पर हमास के हथियारबंद लड़ाके बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



**अनिश्चितताओं के बावजूद युद्धविराम समझौता बरकरार :** इस्राइल और हमास के बीच चल रहा युद्धविराम समझौता कई हिचकोले खाने के बावजूद ट्रैक पर बना हुआ है। समझौते के तहत शनिवार को तीन और बंधकों को रिहा किया गया, इनमें तीन पुरुष शामिल हैं। इन्हें हमास ने 7 अक्तूबर 2023 के हमले के दौरान बंधक बनाया था। यह इस्राइल और हमास के बीच पांचवीं अदला-बदली है। इस्राइल की तरफ से इन बंधकों के एवज में सैंकड़ों फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया है।

गौरतलब है कि इस्राइल और हमास के बीच यह युद्धविराम समझौता बेहद संवेदनशील है और कई बार ऐसी आशंका बनी है, जिनके चलते यह समझौता टूटने का खतरा पैदा हुआ। पिछली बार एक महिला बंधक की रिहाई से दोनों पक्षों में तनातनी देखने को मिली थी। अब बीते मंगलवार को इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिका दौरे के समय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा पर नियंत्रण करने और विस्थापितों को गाजा के बाहर बसाने का सुझाव दिया था। ट्रंप के इस सुझाव पर अरब देशों और फलस्तीनी लोगों ने भी नाराजगी जाहिर की थी।

छह हफ्ते तक चलने वाले पहले चरण के युद्धविराम समझौते में 33 इस्राइली बंधकों को रिहा किया जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास द्वारा जिन तीन बंधकों को रिहा किया गया है, उनमें एली शराबी (52 वर्षीय), ओहाद बेन एमी (56 वर्षीय) और ओर लेवी (34 वर्षीय) का नाम शामिल है।

वहीं इस्राइल द्वारा 183 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाएगा। एली शराबी को किबुत्ज बीरी से बंधक बनाया गया था। हमले में एली की पत्नी और बेटी की आतंकियों ने हत्या कर दी थी। बेन एमी को भी किबुत्ज बीरी से ही बंधक बनाया गया था। हमले में बेन की पत्नी को भी बंधक बनाया गया था। उन्हें नवंबर 2023 में छोड़ दिया गया था। लेवी एक कंप्यूटर प्रोग्रामर है।

जिसे रिशोन लीजन इलाके से पकड़ा गया था। हमले में लेवी की पत्नी की हत्या हुई थी। दंपति का बेटा अन्य परिजनों के पास है। अभी इस्राइल और हमास के बीच दूसरे चरण के युद्धविराम को लेकर बातचीत चल रही है। हालांकि अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। दूसरे चरण में करीब दर्जन भर इस्राइली बंधक रिहा किए जा सकते हैं।

# नस्लीय पोस्ट के लिए इस्तीफा देने वाले कर्मचारी को फिर से नियुक्त करेंगे मस्क

**वॉशिंगटन ।** नस्लीय पोस्ट करने के आरोप में सरकारी दक्षता विभाग से इस्तीफा देने वाले कर्मी को एलन मस्क ने वापस नौकरी पर रखने का एलान किया है। मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (ऊ्डत्रखृ) के कर्मचारी मार्को एलेज ने एक दिन पहले ही इस्तीफा दे दिया था। दरअसल अमेरिकी मीडिया में छपी रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि मार्को एलेज ने बीते साल सोशल मीडिया पर कुछ नस्लीय पोस्ट किए थे। हालांकि बाद में एलेज ने उन पोस्ट को डिलीट कर दिया था।



### जेडी वेंस के बाद ट्रंप ने भी किया था समर्थन

मीडिया रिपोर्ट्स के बाद मार्को एलेज को लेकर विवाद हुआ तो एलेज ने सरकारी दक्षता विभाग से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एलेज का समर्थन किया और उन्हें फिर से काम पर रखने की बात कही थी। जेडी वेंस के समर्थन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी मार्को एलेज का समर्थन किया तो एलन मस्क ने भी अब पोस्ट कर एलेज को फिर से नौकरी पर रखने का एलान कर दिया है।

सरकारी दक्षता विभाग के कर्मचारी पर लगे नस्लीय टिप्पणी के आरोप (सरकारी दक्षता विभाग) कर्मचारी 25 वर्षीय मार्को एलेज ने पिछले साल सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि, 'मैं पहले नस्लवादी था और यह मजेदार था' और 'आप मुझे मेरी जातीयता से बाहर शादी करने के लिए पैसे नहीं दे सकते' जैसे पोस्ट किए थे। पिछले साल सितंबर में एक पोस्ट में एलेज ने लिखा कि 'भारतीयों के प्रति नफरत को सामान्य बनाओ।' इन्हीं पोस्ट के लिए मार्को एलेज की तीखी आलोचना हुई तो गुरुवार को एलेज ने सरकारी दक्षता विभाग से इस्तीफा दे दिया था।

**वेंस ने कहा- एक बेवकूफी के आधार पर किसी का जीवन बर्बाद करना गलत :** वेंस ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मार्को एलेज का समर्थन किया और लिखा कि एलेज को वापस लाया जाना चाहिए। वेंस ने लिखा कि 'मैं भी एलेज की कुछ पोस्ट से असहमत हूं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि सोशल मीडिया पर बेवकूफी भरी गतिविधियां करने से किसी बच्चे के जीवन को बर्बाद कर देना चाहिए।

# चार जजों ने चीफ जस्टिस को लिखा पत्र
## नई न्यायिक नियुक्तियों में देरी की अपील की

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट के चार जजों ने चीफ जस्टिस (सीजेपी) याह्या अफरीदी को पत्र लिखा और विवादित 26वें संविधान संसोधन पर फैसला होने तक नए जजों की नियुक्ति में देरी करने का अनुरोध किया। इस संविधान संसोधन को पिछले साल पारित किया गया था। इसमें सरकार को सीजेपी और हाई कोर्ट के जजों की नियुक्ति में अधिक अधिकार दिए गए थे।



26वें संविधान संशोधन के बाद की गई नियुक्तियों को लेकर आरोप लगे हैं कि यह हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अपने पसंदीदा जजों को नियुक्त करने का प्रयास है। इस संशोधन को पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं आया है।

### चार जजों ने पत्र में क्या कहा है

जिन चार जजों ने यह पत्र लिखा है, उनमें जस्टिस मंसूर अली शाह, जस्टिस मुनीब अख्तर, जस्टिस आयशा मलिक और जस्टिस अतहर मिनल्लाह शामिल हैं। इस पत्र को न्यायिक आयोग के अध्यक्ष को भेजा गया गया।

इसमें कोर्ट में न्यायिक नियुक्तियों और चल रहे संविधान संशोधन पर फोकस करने के लिए पूर्ण कोर्ट बनाने की अपील की गई है।

पत्र में इस बात पर चिंता जताई गई है कि आने वाली न्यायिक नियक्तियां विवाद पैदा कर सकती हैं और संविधान संशोधन मामले पर इसका असर पड़ सकता है। जजों ने यह भी कहा कि अगर नए जजों की नियुक्ति की जाती है तो इससे पूर्ण कोर्ट ढांचे पर विवाद हो सकता है।

### '26वें संशोधन पर पूर्ण कोर्ट की जरूरत'

इन जजों ने कहा कि संविधान संशोधन मामले की सुनवाई कर रही संविधान पीठ का विस्तार किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इस मामले में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी है।

# कनाडा में चुनावी उम्मीदवार पर साइबर हमला

**ओटावा ।** कनाडा की सरकार की एक एजेंसी, जो विदेशी हस्तक्षेप पर नजर रखती है, ने शुक्रवार को एक बड़ा खुलासा किया। एजेंसी ने बताया कि लिबरल पार्टी की नेता पद की उम्मीदवार क्रिस्टिया फ्रीलैंड के खिलाफ एक समन्वित और दुर्भावनापूर्ण ऑनलाइन हमला किया गया है।



### चीन से जुड़े वीचैट अकाउंट से हुआ हमला

रैपिड रिस्पॉन्स मैकेनिज्म कनाडा (आरआरएम कनाडा) ने कहा कि यह हमला चीन से जुड़े वीचैट अकाउंट से हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुष्प्रचार अभियान वीचैट के सबसे लोकप्रिय समाचार अकाउंट से शुरू हुआ, जिसे चीन की सरकार से जुड़े होने का संदेह है। इस अभियान में 30 से अधिक वीचैट न्यूज अकाउंट शामिल थे, और इसे लाखों लोगों ने देखा। इसके बाद, फ्रीलैंड की चुनाव टीम और लिबरल पार्टी के शीर्ष नेताओं को इस हमले के बारे में सूचित किया गया। **हमले पर क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने दी तीखी प्रतिक्रिया :** फ्रीलैंड ने इस हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार शाम सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा झ्'मैं चीन की विदेशी दखलंदाजी से डरने वाली नहीं हूं। वर्षों से मैं तानाशाही सरकारों का सामना कर रही हूं और आजादी की रक्षा के लिए लड़ती रहूंगी।' बता दें कि, फ्रीलैंड ने पिछले साल अचानक वित्त मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था ।

# लापता यात्री विमान हुआ हादसे का शिकार, समुद्री बर्फ पर मिला मलबा, सभी 10 यात्रियों की मौत

**अलास्का ।** पश्चिमी अलास्का में नोम समुदाय के लिए जाना वाला एक छोटा यात्री विमान शुक्रवार को हादसे का शिकार हो गया है। जानकारी के मुताबिक, उसमें सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। मामले में अमेरिकी तट रक्षक के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने बताया कि बचावकर्मी हेलीकॉप्टर से विमान के अंतिम ज्ञात स्थान की खोज कर रहे थे, तभी उन्हें मलबा दिखाई दिया। उन्होंने जांच के लिए दो बचाव तैराकों को उतारा। जानकारी के मुताबिक, उड़ान के करीब एक घंटे के अंदर विमान का संपर्क टूट गया था।

**ट्रांसमीटर ने नहीं भेजा कोई संकेत' :** तटरक्षक लेफ्टिनेंट कमांडर बेंजामिन मैकइंटायर-कोबल ने कहा, यूएस सिविल एयर पैट्रोल की तरफ से साझा किए गए रडार फोरेंसिक डेटा ने संकेत दिया कि गुरुवार को लगभग 3:18 बजे, विमान में 'किसी तरह की घटना हुई, जिसके कारण उन्हें ऊंचाई में तेजी से कमी और गति में तेजी से कमी का अनुभव हुआ। 'इस दौरान क्या हुआ, मैं अनुमान नहीं लगा सकता।' मैकइंटायर-कोबल ने कहा कि उन्हें विमान से किसी भी संकट संकेत के बारे में पता नहीं था। विमानों में एक आपातकालीन लोकेटिंग ट्रांसमीटर होता है।



### हल्की बर्फबारी और कोहरे के बीच उड़ा था विमान

अलास्का के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अनुसार, बेरिंग एयर का एकल इंजन वाला टर्बोप्रॉप विमान गुरुवार दोपहर को नौ यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालाकलीट से रवाना हुआ था। बेरिंग एयर के संचालन निदेशक डेविड ओल्सन ने बताया कि सेसना कारवां दोपहर 2:37 बजे उनालाकलीट से रवाना हुआ था। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, हल्की बर्फबारी और कोहरा था, तापमान 17 डिग्री (माइनस 8.3 सेल्सियस) था। विमान के बारे में एयरलाइन के विवरण के अनुसार, यह अपनी अधिकतम यात्री क्षमता पर काम कर रहा था।

**'आपातकालीन लोकेटिंग** ट्रांसमीटर होता है।

समुद्री जल के संपर्क में आने पर, यह उपकरण एक उपग्रह को संकेत भेजता है, जो फिर उस संदेश को तटरक्षक बल को वापस भेज देता है, ताकि यह संकेत मिल सके कि विमान संकट में है। उन्होंने कहा कि तटरक्षक बल को ऐसा कोई संदेश नहीं मिला है।

**पश्चिमी अलास्का के 32 गांवों में सेवा उपलब्ध कराता है बेरिंग एयर :** बेरिंग एयर नोम, कोटजेब्यू और उनालाकलीट में हब से पश्चिमी अलास्का के 32 गांवों की सेवा करता है। अधिकांश गंतव्यों को सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन दो बार निर्धारित उड़ानें मिलती हैं। खासकर सर्दियों में, ग्रामीण अलास्का में किसी भी दूरी की यात्रा के लिए हवाई जहाज अक्सर एकमात्र विकल्प होते हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति से सांसदों ने की मांग कहा- एक चीन नीति को छोड़ें और स्वतंत्र ताइवान को दें मान्यता

**ताइपे ।** अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति ट्रंप से एक चीन नीति को छोड़ने और ताइवान समझौते पर वापस लौटने की मांग की है। विस्कॉन्सिन से अमेरिकी प्रतिनिधि टॉम टिफनी और पेंसिल्वेनिया से स्कॉट पेरी ने एक प्रस्ताव पेश किया है। इसमें अमेरिका से एक चीन नीति को समाप्त करने, ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंधों को फिर से शुरू करने और अमेरिका-ताइवान द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की मांग की गई।



इस प्रस्ताव को सबसे पहले 2021 में लाया गया था। अब 22 रिपब्लिकन सांसदों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। प्रस्ताव में राष्ट्रपति ट्रंप से कहा गया है कि वे पुरानी एक चीन नीति को छोड़ें और ताइवान को स्वतंत्र देश मानने वाली नीति पर काम करें। इस नीति में यह माना जाए कि ताइवान चीन क्षेत्र का हिस्सा नहीं है और न ही इसे चीन द्वारा शासित किया जाता है। प्रस्ताव में कहा गया कि ट्रंप को लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई ताइवान सरकार को मान्यता देनी चाहिए। साथ ही यहां पर आधिकारिक रूप से अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति करनी चाहिए। इसके अलावा अमेरिका में भी ताइवान के राजदूत को मान्यता दी जानी चाहिए।

प्रस्ताव में अमेरिकी प्रतिनिधियों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अधिकारियों से संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों में ताइवान का समर्थन करने की मांग की गई है।

# क्षमा सावंत का वीजा खारिज, देश विरोधी एजेंडा चलाने का आरोप, वाणिज्यिक दूतावास ने भारत आने से रोका

**नई दिल्ली ।** विदेशों में भारत विरोधी प्रोपगेंडा फैलाने वाली क्षमा सावंत को भारत आने की अनुमति न देते हुए उनका वीजा खारिज कर दिया गया है। इसे लेकर सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा कि उसके परिसर में कुछ लोगों ने कार्यालय समय के बाद बिना इजाजत अंदर घुसने की कोशिश की। इसके चलते उसे कुछ व्यक्तियों के अनधिकृत प्रवेश से उत्पन्न कानून और व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए मजबूर होना पड़ा। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर लिखे बायो के मुताबिक क्षमा सावंत 2014 से 2023 तक सिएटल सिटी काउंसिल की सदस्य रही हैं। वीडियो में सावंत और उनके साथ एक व्यक्ति दावा कर रहे हैं कि उन्हें भारत जाने के लिए वीजा देने से इनकार कर दिया गया क्योंकि वह 'अस्वीकार सूची' में थीं। उन्हें 'अतिक्रमणकारी' कहते हुए, भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कार्रवाई के लिए पुलिस को भी कॉल किया।




### बीमार मां को देखने के लिए पति को वीजा

क्षमा सावंत ने दावा किया कि भारतीय वीजा तीन बार रिजेक्ट कर दिया गया, जबकि उनके पति कैल्विन प्रीस्ट को भारत में अपनी बीमार मां को देखने के लिए आपातकालीन वीजा दे दिया गया। उन्होंने कहा, वर्कर्स स्ट्राइक बैक के सदस्यों ने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर शांतिपूर्ण सविनय अवज्ञा की और इस बात के लिए स्पष्टीकरण की मांग की कि उनका वीजा तीन बार क्यों खारिज किया गया। वे हमें पुलिस बुलाने की धमकी दे रहे थे।

**स्थानीय अधिकारियों को बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा :** सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने कहा, बार-बार अनुरोध के बावजूद कार्यालय परिसर में आकर बैठे इन लोगों ने अपना स्थान छोड़ने से इनकार कर दिया। ये अतिक्रमणकारी वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों के साथ भी आक्रामक और धमकी भरा व्यवहार करते रहे। दूतावास के अधिकारियों ने कहा, यह सब देखते हुए हमें हालात से निपटने के लिए संबंधित स्थानीय अधिकारियों को बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू की जा रही है। सावंत ने कहा, मैंने भारत में सीएए-एनआरसी कानून की निंदा की थी। इस कारण यह कार्रवाई की गई थी।

# पीएम मोदी सबसे आकर्षक इंसान, इंटरव्यू के लिए अमेरिकी पॉडकास्टर बेताब, मुलाकात से पहले रखेगा व्रत

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन इस महीने के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने के लिए भारत आएंगे और इस लेकर उन्होंने लिखा कि वह इसके लिए 'इंतजार नहीं कर सकते'। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, फ्रिडमैन ने भारत के इतिहास समेत कई विषयों पर घंटों तक पीएम मोदी के साथ बातचीत करने की अपनी खुशी और उत्सुकता व्यक्त की। लेक्स फ्रिडमैन ने कहा कि पीएम मोदी 'मेरे द्वारा अब तक पढ़े गए सबसे आकर्षक इंसानों में से एक हैं।'



### भारत पहुंचने पर 48-72 घंटे का उपवास करूंगा'

उन्होंने कहा, 'मैं कुछ हफ्तों में पॉडकास्ट पर उनसे कई घंटों तक बात करने का इंतजार नहीं कर सकता।' कई दिनों तक उपवास रखने की अवधारणा से प्रभावित फ्रिडमैन ने कहा कि वह भी भारत आने पर और पीएम मोदी से बात करने से पहले उपवास करेंगे। 'भारत के जटिल, गहरे इतिहास और उसमें उनकी भूमिका के अलावा, मोदी का मानवीय पक्ष भी वाकई दिलचस्प है। उदाहरण के लिए, उन्होंने आध्यात्मिक कारणों से अक्सर कई दिनों का उपवास (9+ दिन) किया है। मैं भी अक्सर उपवास करता हूं। इसलिए मैं उनसे बात करने से पहले भारत पहुंचने पर 48-72 घंटे का उपवास करूंगा।'

फ्रिडमैन का मानना है कि यह ध्यान करने और इस बात पर चिंतन करने का एक अच्छा अवसर है कि वे कितने भाग्यशाली हैं कि वे जीवित हैं, उनके पास एक अजीब दिमाग है जो मानव स्वभाव के अंधेरे पक्षों को देखने के बावजूद दुनिया में इतनी सुंदरता देखता है। और सबसे बढ़कर... यह चिंतन करने का कि मैं कितना भाग्यशाली हूं कि मेरे जीवन में इतना प्यार है।

इससे पहले 19 जनवरी को, एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से, फ्रिडमैन ने पीएम मोदी का साक्षात्कार करने की अपनी योजना की घोषणा की। उन्होंने लिखा, 'मैं फरवरी के अंत में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक पॉडकास्ट करूंगा। मैं कभी भारत नहीं गया, इसलिए मैं आखिरकार यहां आकर इसकी जीवंत, ऐतिहासिक संस्कृति और इसके अद्भुत लोगों के कई पहलुओं को पूरी तरह से अनुभव करने के लिए उत्साहित हूं।'

**इन हस्तियों के साथ पॉडकास्ट कर चुके हैं फ्रिडमैन :** लेक्स फ्रिडमैन साल 2018 से पॉडकास्ट होस्ट कर रहे हैं। शुरूआत में इसे 'द आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पॉडकास्ट' कहा जाता था, जिसे 2020 में 'द लेक्स फ्रिडमैन पॉडकास्ट' के रूप में रीब्रांड किया गया। बता दें कि, लेक्स फ्रिडमैन ने अब तक टेस्ला के प्रमुख एलोन मस्क, अमेजॉन के संस्थापक जेफ बेजोस, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फेसबुक के सह-संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की समेत कई प्रमुख हस्तियों का साक्षात्कार ले चुके हैं।

# टैरिफ से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से सोचने की जरूरत, ट्रंप की धमकियों के बाद कनाडाई पीएम ट्रूडो

**वैंकूवर ।** ट्रूडो कनाडा-अमेरिका आर्थिक संबंधों पर एक दिवसीय शिखर सम्मेलन के उद्घाटन में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने व्यापार, व्यवसाय और श्रम विशेषज्ञों को बताया कि देश को टैरिफ से बचने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करना चाहिए। ट्रूडो ने यह भी कहा कि कनाडा को अपने आंतरिक व्यापार में बाधाएं हटाने और अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की आवश्यकता है।

**कनाडा को 51वां राज्य बनाने की बात गंभीर मुद्दा :** पीएम ट्रूडो ने कहा कि यह हमारे देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने कहा कि ट्रंप की टिप्पणियों में कनाडा को '51वां राज्य' बनाने की बात एक गंभीर मुद्दा है। सीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने माइक्रोफोन बंद होने से पहले कहा, 'ट्रंप के दिमाग में यह है कि ऐसा करने का सबसे आसान तरीका हमारे देश को अपने में समाहित करना है और यह एक गंभीर मुद्दा है।



**कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को कहा कि देश को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ लगाने की धमकियों से निपटने के लिए 'रणनीतिक रूप से' सोचना चाहिए। ट्रंप ने सभी कनाडाई आयातों पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी है।**

**1.3 बिलियन कनाडाई डॉलर की सीमा सुरक्षा योजना की घोषणा :** ट्रूडो ने कहा कि कनाडा 30 दिवसीय विस्तार का उपयोग अमेरिकी अधिकारियों को यह दिखाने के लिए करना चाहिए कि वे सीमा सुरक्षा पर अधिक खर्च कर सकते हैं। कनाडा ने 1.3 बिलियन कनाडाई डॉलर (900 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की सीमा सुरक्षा योजना की घोषणा की है, जिसमें ड्रोन, हेलीकॉप्टर, अधिक सीमा रक्षक और एक संयुक्त कार्य बल का निर्माण शामिल है।

**ट्रूडो ने नया फेंटेनाइल जार नियुक्ति का वादा किया :** ट्रूडो ने एक नया फेंटेनाइल जार नियुक्त करने का भी वादा किया, जो कनाडाई और अमेरिकी सरकारों के बीच प्राथमिक संपर्क के रूप में काम करेगा। ट्रूडो ने कहा, 'हमें इस बारे में बहुत सोच-समझकर काम करना होगा कि हम अमेरिका के साथ किस तरह से निकटता से जुड़े रहें, ताकि यह साबित हो सके कि कनाडा उत्तरी अमेरिकी फेंटेनाइल समस्या के एक छोटे से हिस्से के लिए जिम्मेदार है, लेकिन हम भी इस त्रासदी से बहुत दुखी हैं।' ट्रूडो ने कहा- कनाडा को मजबूती से जवाब देने को तैयार रहना चाहिए ।

ट्रूडो ने कहा कि अगर ट्रंप 30 दिनों के बाद टैरिफ के साथ आगे बढ़ने का फैसला करते हैं, तो कनाडा को मजबूती से जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा पैठ बाजार व्यापारियों का नहीं होने दूंगा नुकसान

## अधिकारियों की बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा दिया जाए वेंडिंग जोन पर ध्यान और तय हो हर बाजार का स्थान

**मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा योगी और मोदी रोजगार देते हैं छीनते नहीं**



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जहां साप्ताहिक बाजार यथावत स्थिति जारी रखने का निर्देश दिया है। तो वहीं इसी को लेकर गाजियाबाद के पुलिस- प्रशासन के अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल की बैठक हुई थी। बैठक में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने नगर निगम के वेंडिंग जोन जल्द से जल्द तलाशने और साप्ताहिक बाजारों के लगने का स्थान तय करने की बात कही है। तो वहीं पुलिस के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से उन्होंने कहा है कि व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को किसी भी प्रकार से नुकसान न पहुंचा जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार मनोज सिंह ने दिशा निर्देश दिए हैं, उसका पालन अब अधिकारियों को करना है, तो वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि गाजियाबाद के व्यापारियों और लोगों के साथ उनका हमेशा से साथ रहा है और वह साप्ताहिक व पैठ बाजार के व्यापारियों को नुकसान नहीं होने देंगे। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मंत्री नरेंद्र कश्यप बैठक में भाग ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा है कि प्रत्येक इलाके में लगने वाले साप्ताहिक बाजार का स्थान तय हो ताकि अन्य किसी स्थान पर दुकानदार ना पहुंचे। इससे वहां की यातायात और अन्य व्यवस्था भी ठीक से संचालित होती रहेगी।

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जिस तरीके से साप्ताहिक बाजार बंद करने और उनके स्थान एक परिवर्तित करने का अभियान शुरू किया गया, इसमें किसी प्रकार की ना तो बातचीत की गई और ना ही कोई प्लानिंग हुई। जिसकी वजह से इसका स्वरूप मनमर्जी वाला चल रहा था। उन्होंने विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रयासों की सराहना की है।

### नगर निगम बनाएगा सकारात्मक प्लान जल्द नए और व्यवस्थित स्थान पर लगेंगे बाजार

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जिस प्रकार से शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ वार्तालाप की गई है। उसमें कई बिंदुओं पर सहमति बनने के साथ ही इस बात की भी मंत्रणा की गई है की साप्ताहिक बाजार से जुड़े व्यापारियों का किसी प्रकार से नुकसान नहीं हो। इसके साथ ही नगर निगम वेंडिंग जोन के लिए स्थान तय करें ताकि यहां के व्यापारी किसी अन्य स्थान पर न जाए और जो व्यापारी बाजार लग रहे हैं उनके प्रमाण पत्र लेकर उनको आइडेंटी कार्ड दिए जाएं ताकि व्यापार और बाजार में वही लोग आए जो पहले से चिन्ह हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि व्यापारी भी इस बात का ध्यान रखें कि उनकी क्रिया से किसी प्रकार की अवस्था ना हो, जाम ना लगे और अन्य आसपास के रहने वाले लोगों को सुविधा भी ना हो।

### साप्ताहिक बाजारों से जुड़े हैं हजारों परिवार : मंत्री नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शनिवार को हुई बैठक में कहा है की साप्ताहिक बाजार बंद करने का फैसला बिना किसी प्लानिंग और बातचीत के लिया गया, जिसका असर यह हुआ कि व्यापारी सड़क पर उतर आए और माहौल खराब होने से बचा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और सभी जनप्रतिनिधि हमेशा व्यापारियों और साप्ताहिक बाजार के लोगों के हित की बात करते हैं। जहां तक जाम और अन्य अव्यवस्थाओं की बात है उसे खत्म करने के लिए भी सभी जनप्रतिनिधि भी प्रयास करेंगे और बातचीत से मामले का हल निकाला जाएगा। उन्होंने कहा की साप्ताहिक बाजार लगाने वालों की संख्या बहुत अधिक है और इनसे हजारों परिवार जुड़े हुए हैं। शनिवार को हुई बैठक के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है की साप्ताहिक बाजार और पैठ बाजार से जुड़े दुकानदारों के साथ वह सदैव खड़े रहेंगे।

# शराब पीने वाले 703 लोगों को किया गिरफ्तार

## थाने लाकर मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत किया चालान





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान महज 3 घंटे में 703 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन सभी को थाने लाकर मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया।

पुलिस के अनुसार, लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके मद्देनजर शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में शराब के ठेकों के आसपास और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के मुताबिक, नगर जोन में सबसे ज्यादा 315 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 67, विजयनगर से 57, सिहानी गेट से 31, नंदग्राम से 67, कवि नगर से 43 और मधुबन बापूधाम से 50 लोग शामिल हैं।

डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 223 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 27, ट्रॉनिका सिटी से 21, अंकुर विहार से 14, लोनी बॉर्डर से 26, मसूरी से 17, मुरादनगर से 38, मोदीनगर से 20, निवाड़ी से 12, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 13 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 24 लोग शामिल हैं। पकड़े गए लोगों में युवा से लेकर बुजुर्ग तक शामिल थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 165 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 34 कौशांबी से 24 खोड़ा से 20 साहिबाबाद से 24 लिंक रोड से 15 शालीमार गार्डन से 20 और टीला मोड़ से 28 लोगों को पकड़ कर थाने लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कारवाई की गई।

# डॉ.अतुल कुमार जैन ने दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर सांसद अतुल गर्ग को दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष एवं टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉ.अतुल कुमार जैन ने दिल्ली के चुनाव परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की भारी बहुमत से हुई जीत के लिए गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को पुष्प गुच्छ भेंट करके बधाई दी। भारतवर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में संपूर्ण देश में जो विकास कार्य हो रहे हैं आम जनता ने उन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया है और सभी विपक्षी पार्टियों को नकार दिया है इसके लिए समस्त भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं को दी हार्दिक बधाई। अब दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार चलेगी और विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ जाएगी । आखिर जनता ने सच को समझ लिया और झूठे वायदे करने वालों का विरोध किया है।

# दिल्ली की जीत पर इंदिरापुरम में भाजपाइयों ने बांटी मिठाई





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार बनने पर इंदिरापुरम में कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त कर मिष्ठान वितरण किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने 11 साल से झूठ बोलकर दिल्ली में सरकार चला रहे अरविंद केजरीवाल का सफाया कर दिया है। पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, किशोर ठाकुर, उमाशंकर तोमर, मनोज डागा, प्रशांत राघव, अपर्णा मिश्रा आदि ने इंदिरापुरम काला पत्थर रोड पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा कर प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बना दी है। अब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास कार्य करेगी।

# 27 साल के अंतराल में बीजेपी ने दिल्ली में परचम लहराया, सनातन धर्म की हुई जीत

## दिल्ली में सनातन की हुई जीत : अजय गुप्ता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 27 साल बाद बीजेपी ने दिल्ली में परचम लहराया। मोदी का जादू सिर चढ़कर बोला। दिल्ली के नागरिक पिछले 10 साल से झूठ के झांसे में आकर अपना समय खराब कर रहे थे। आखिर दिल्ली की जनता के स्वाभिमान को बीजेपी ने पूरा किया। दिल्ली की जनता को भाजपा की जीत के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

आखिर मोदी है तो सब मुमकिन है। आप पार्टी के बड़े-बड़े नेता खुद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया जिनकी असलियत पब्लिक के सामने आ गई, जिसको पब्लिक ने अर्श से फर्श पर बैठा दिया। भाजपा का एक ही नारा सबका साथ सबका विकास, जिसके बल पर भाजपा पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी बनती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी को और उनके सहयोगियों को शुभकामनाएं देते हर्ष हो रहा है। ऐसा लगता है कांग्रेस को तो अब संन्यास लेकर हिमालय के पर्वतों में चले जाना चाहिए। देश का कुछ उद्धार तो हो जाएगा। सभी दिल्ली के जनपदवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जनता ने सनातन धर्म को अपनाकर अपने हिंदुत्व होने का परिचय दिया।

# दिल्ली की जीत में गाजियाबाद की भी भागीदारी : इन्द्रजीत सिंह टीटू



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर इन्द्रजीत सिंह टीटू ने कहा, देश के प्रधानमंत्री जी को बधाई और हमारे सांसद अतुल जी दिल्ली के सह प्रभारी होने के नाते बधाई। फुल मेजॉरिटी के साथ दिल्ली में एनडीए सरकार की घोषणा हुई है। दिल्ली के सभी मतदाताओं को गठबंधन की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल की तरफ से बधाई देता हूं सभी मतदाताओं को जिन सब ने हमारे कैंडिडेट को वोट देकर प्रधानमंत्री जी का सम्मान बढ़ाया हमारे अतुल गर्ग जी का सम्मान बढ़ाया है। दिल्ली विधानसभा में सिख समाज के जो विधायक चुने गए हैं उन सभी सम्मानित विधायकों ने जीत हासिल करके पगड़ी की शान को भी बढ़ने का काम कर है।

# जोमैटो डिलीवरी बॉय ने दो लोगों को पीटा, फोन नहीं उठाने पर साथियों के साथ की फायरिंग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में जोमैटो डिलीवरी पार्टनर की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। थाना नंदग्राम क्षेत्र के गढ़ी गांव में रहने वाले आधार चौधरी ने जोमैटो से खाना मंगवाया था। जब डिलीवरी पार्टनर निशांत खाना लेकर पहुंचा, तो ग्राहक फोन पर व्यस्त था। लंबे समय तक इंतजार करने से गुस्साए निशांत ने आधार से कहासुनी की। विवाद बढ़ने पर निशांत अपने पास के गांव सिकरोड से आधा दर्जन साथियों को बुला लाया।

# सेंट्रल पार्क राजनगर में फैमिली फन डे का किया गया आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज नगर सैक्टर-9 शाखा की ओर से शनिवार को सेन्ट्रल पार्क में फैमिली फन डे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य मोबाइल से दूर अपने परिवारों के साथ समय बिताना तथा आपसी संबंधों को मजबूत करना था। कार्यक्रम का आरंभ छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मंत्रोच्चारण तथा योगासन द्वारा किया गया इसके साथ ही सभी परिवारों ने रस्साकशी, कपल गेम, चित्रकला आदि खेल के साथ सामुदायिक भोज का भी आनंद उठाया।

यह आयोजन परिवर्तन स्कूल की अध्यक्षा वीनू चौधरी तथा समन्वयक मीनाक्षी त्यागी एवं गुरुमाओं के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उन्होंने पारिवारिक एवं सामाजिक एकता को बनाए रखने के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने का आश्वासन दिया।

# भविष्य में भी अवैध निमार्णों के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी रहेगी: अपर सचिव



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) वीसी अतुल वत्स के निर्देश पर अवैध निमार्णों पर लगातार सख्त कार्यवाही प्राधिकरण के प्रवर्तन दाल के जरिए की जा रही है। जीडीए वीसी के निर्देश पर अवैध निमार्णों के खिलाफ शुक्रवार को भी बड़ी कार्रवाई की गई। अपर सचिव एवं प्रवर्तन जोन-5 प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में जीडीए की प्रवर्तन विभाग की टीम ने अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई।

अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि प्रवर्तन विभाग की टीम ने के जरिए चलाये गए अभियान के तहत ग्राम पिपलहेडा के खसरा सं.-335 पर मोहम्मद जाहिद हुसैन पुत्र अफसर अली एवं युसुफ अली पुत्र मुस्तफा अली द्वारा अवैध रूप से विकसित की जा रही, एसआर एनक्लेव कॉलोनी पर पहुँची, जहाँ कॉलोनी का मुख्य द्वार बंद था। प्राधिकरण के प्रवर्तन विभाग की टीम मुख्य द्वार को तोडते हुए कॉलोनी में पहुंची। उसके बाद अवैध कॉलोनी में काली सड़कों, डिवाइडर इत्यादि को तोड़ने के के बाद बिल्डर का साइट ऑफिस भी तोडा गया। प्रवर्तन दस्ते ने पार्को एवं बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त करते हुए, बनी हुई अन्य कच्ची सड़कों को भी काटकर समाप्त किया। स्थल पर पुलिस थाना-धौलाना एवं जीडीए पुलिस द्वारा विरोध करने वाले ग्रामीणों एवं विकासकताओं ओरे सहयोगियों को पीछे खदेड़कर शांति व्यवस्था कायम की गई। मौके पर प्रवर्तन जोन-5 के सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, सुपरवाइजर एवं प्रवर्तन दस्ता मौजूद रहा।

# दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर वसुंधरा में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद वसुंधरा मंडल के अध्यक्ष विनित त्यागी के नेतृत्व में भाजपा पार्टी कार्यकताओं ने वसुंधरा मंडल में जश्न मनाया। इस जीत में पार्टी ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे दिग्गजों को पराजित किया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विनित त्यागी, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद गौरव सोलंकी, मंडल मंत्री मदन सिंह बिष्ट, वार्ड सचिव, लव कुमार, विरेन्द्र प्रताप त्यागी, वार्ड अध्यक्ष राखी गर्ग, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशी त्यागी, हिमांशु गिरी, हरमेल सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर सीट पर भी भाजपा को महत्वपूर्ण जीत हासिल हुई, जिसने पार्टी कार्यकताओं के उत्साह को और बढ़ा दिया।

# पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने दिल्ली की प्रचंड जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की खुशी में शनिवार को कौशांबी स्थित कैलाश और त्रिशूल टावर में जीत की खुशियां मनाई गईं। इस अवसर पर पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा इस ऐतिहासिक जीत के लिए दिल्लीवासियों को बधाई दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो विश्वास दिल्ली के निवासियों ने दिखाया है। उसके लिए दिल्ली की जनता का धन्यवाद किया गया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल इसी कौशांबी की देन थी। जीतने के बाद उन्होंने इस इलाके के लोगों के कोई काम नहीं किए। जनता को झूठ बोलने के अलावा उनका काम दिल्ली में कहीं दिखाई नहीं दिया।

दिल्ली में विकास कार्य रुके हुए हैं, अब हमारी सरकार आने के बाद दिल्ली विकास की प्रगति के नए आयाम तय करेगी। जमुना प्रदूषण से मुक्त होगी। इस अवसर पर अध्यक्ष जयप्रकाश झा, गौरव वर्मा, जगमोहन शर्मा, केएन सेठी, लक्ष्मीकांत चांदना, आरके, ओमप्रकाश दीक्षित, विजय कुमार खन्ना, प्रीति सिंघल, एसके वैश्य, रेखा वैश्य, अजय कुमार गुप्ता, उषा गुप्ता, गीता खन्ना आदि लोग उपस्थित रहे।

# पार्षद मदन राय के कार्यालय पर भाजपा की जीत पर मनाया जश्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की हुई जीत पर राजेन्द्र नगर वार्ड 86 में पार्षद मदन राय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। पार्षद मदन राय के नेतृत्व में इकट्ठा हुए और एक दूसरे को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर नाचते हुए जीत के जश्न की खुशियां मनाई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जलेबी से एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। पार्षद मदन राय ने इस मौके पर दिल्ली विधानसभा चुनाव की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में हुई भाजपा की जीत के लिए विशेष रूप से बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 12 साल के राज में अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को बर्बाद करने का काम किया है। भाजपा का 27 साल का सूखा इस जीत से दूर हुआ है।


# दिल्ली में भाजपा की जीत पर बृज विहार में कार्यकताओं ने मिठाई बांट खुशियां मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली की जीत पर बृज विहार में भाजपा कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर जमकर नृत्य किया और मिष्ठान वितरित कर अपनी खुशी व्यक्त की।पार्षद विनय चौधरी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा जताते हुए भाजपा को प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने का अवसर दिया है। अब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास कार्य करेगी और जनता से किए गए हर वादे को पूरा करेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह, प्रज्ञा अग्रवाल, अशोक पांडेय, सुशील सिंह, लल्लन सिंह, सूमा सिंह, पुष्पा, ऊषा रावत, रानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक पिता की खुशी उसके पुत्र की मुस्कान में छिपी होती है। अपने ज्येष्ठ सुपुत्र सानिध्य गोयल के जन्मदिन पर जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल ने परम पिता परमेश्वर से लंबी आयु उत्तम स्वास्थ अच्छे संस्कार और उज्जवल भविष्य की कामना की। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।